दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 355

ग्वालियर, बुधवार 14 सितम्बर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

खास खबर

भारतीय संस्थानों के साथ तालमेल को बढ़ावा देने न्यूयॉर्क में नए केंद्र की शुरुआत

न्यूयॉर्क। भारतीय सार्वजनिक एवं निजी संस्थानों और सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क (सीयूएनवाई) के बीच सुदृढ़ एवं समावेशी सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक तालमेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नए केन्द्र की शुरुआत की गई है। भारत की ओर से अनुसंधान और शिक्षा सहयोग के लिए की गई पहल के अनुसार 'सीयूएनआई क्रेस्ट संस्थान' (आईआईसीसीसीआई) की नौ सितंबर, को आधिकारिक तौर पर ब्रोंक्स कम्युनिटी कॉलेज (बीसीसी) में शुरुआत की गई। यह संस्थान दोनों देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति दोनों के क्षेत्र में विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध होगा। बीसीसी के अध्यक्ष थॉमस इसेकेनेगबे और सीयूएनवाई के अध्यक्ष विन्सेंट बौद्रेव द्वारा समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने बीसीसी और महाराष्ट्र के तीन राज्य विश्वविद्यालयों के बीच हस्ताक्षरित रुचियों का विवरण (स्टेटमेंट ऑफ इंट्रेस्ट) भी साझा किया। कार्यक्रम के दौरान जारी किए गए बयान में कहा गया कि आईआईसीसीसीआई मिशन का उद्देश्य सीयूएनवाई और भारतीय शैक्षणिक संस्थानों, संघीय संस्थाओं और निजी उद्यम के बीच मजबूत और समावेशी सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक तालमेल को बढ़ावा देना है।

अजरबैजान के हमलों में 49 आर्मीनियाई सैनिकों की मौत

मॉस्को। आर्मीनिया के प्रधानमंत्री ने मंगलवार को कहा कि रात में किए गए अजरबैजान के हमलों में 49 आर्मीनियाई सैनिकों की मौत हो गई है, जबकि अजरबैजान का कहना है कि उसने आर्मीनिया के हमलों के जवाब में कार्रवाई करते हुए हमले किए। आर्मीनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान ने संसद में कहा आजरबैजान के बलों ने करीब छह स्थानों पर हमले किए। इस बीच, अजरबैजान के विदेश मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा कि आर्मीनियाई बलों ने देश के तीन जिलों में सेना की चौकियों पर गोलीबारी की और आर्मीनियाई हमलावरों ने इन क्षेत्रों में बारुदी सुरंगें बिछाईं। उसने कहा कि आजरबैजान के बल अनिर्दिष्ट संख्या में हताहत हुए और कड़ी जवाबी कार्रवाई की गई। अजरबैजान और आर्मीनिया के बीच नागोर्नो-काराबाख को लेकर दशकों से संघर्ष चल रहा है। नागोर्नो-काराबाख आजरबैजान का हिस्सा है, लेकिन यह 1994 में एक अलगाववादी युद्ध समाप्त होने के बाद से आर्मीनिया द्वारा समर्थित बलों के नियंत्रण में है। दोनों के बीच 2020 में छह सप्ताह तक चले युद्ध में 6,600 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

कतर में स्कूल बस में सो गई बच्ची, ज्यादा गर्मी से हो गई मौत

दोहा। कतर में भारतीय छात्रा की मौत से हड़कंप मच गया है। 11 सितंबर को इस बच्ची का जन्मदिन था और उसके इसतरह जाने से घर पर मातम का माहौल है। बताया जा रहा है कि बच्ची स्कूल बस में ही सो गई थी और बहुत ज्यादा गर्मी होने की वजह से इसकी मौत हो गई है। बस को पार्क किया गया था और यह बच्ची बस में सोती रह गई और बस स्टाफ की नजर इस पर गई ही नहीं। जिस बच्ची की मौत हुई है, बच्ची केरल की रहने वाली है। इसकी उम्र चार साल थी। बच्ची का नाम मिनसा मरियम था। बस के ड्राइवर और अटेंडेंट ने उस समय लड़की को देखा जब वह चार घंटे के बाद लौटे। रिपोर्ट के मुताबिक मिन्सा अभिलाष चाको और सौम्या की दूसरी बेटी थी। इस बच्ची रिश्तेदार कोट्टयम के छिनगवानम में रहते हैं। उन्होंने बताया कि जब क्लास खत्म हो गई, तब दोपहर में ड्राइवर और कंडक्टर बच्चों को स्कूल ड्रॉप करने के लिए आए। उस समय उन्होंने मिनसा को बेहोशी की हालत में देखा। मिनसा को तुरंत वकरा अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। वकरा हॉस्पिटल का कहना है कि जान बचाने की सारी कोशिशें नाकाम रह गईं। कतर में इनदिनों तापमान 36 से 43 डिग्री सेंटीग्रेट बना हुआ है। इस बीच कतर के शिक्षा मंत्रालय की तरफ से ट्विटर हैंडल पर बच्ची के निधन पर शोक जताया गया है।

चावल के निर्यात पर भारत ने लगाया बैन, दुनिया में 4 दिन में ही बढ़ी महंगाई

नई दिल्ली। भारत ने बीते सप्ताह चावल के एक्सपोर्ट पर बैन लगाने का ऐलान किया था, इसका असर पूरी दुनिया और खासतौर पर एशियाई बाजार में देखने को मिल रहा है। बाजार में चावल की कीमतों में तेजी से इजाफा हो रहा है। भारत के फैसले के 4 दिनों के अंदर ही एशिया के बाजारों में चावल के भाव 4 से 5 फीसदी तक बढ़े हैं। इससे एशिया में चावल का व्यापार लगभग ठप पड़ गया है, क्योंकि भारतीय व्यापारी अब नए समझौतों पर दस्तखत नहीं कर रहे हैं। नतीजतन खरीददार वियतनाम, थाईलैंड और म्यांमार जैसे विकल्प खोज रहे हैं।

बंगाल में 'दीदी' के खिलाफ भाजपा का 'नबान्न चलो अभियान'

हिरासत में लिए गए शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में ममता दीदी के खिलाफ भाजपा लामबंद है और उनकी सरकार पर हमलावर है। इसी कड़ी में आज भाजपा की ओर से नबान्न चलो अभियान की शुरुआत की गई है। भाजपा के इस अभियान के दौरान बंगाल में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को हिरासत में ले लिया गया है। इन सब के बीच शुभेन्दु अधिकारी ने कहा कि ये शांतिपूर्ण आंदोलन है। ये भ्रष्टाचार और बेरोज़गारी का मुद्दा है। बंगाल की जनता ममता जी के साथ नहीं है इसलिए वह बंगाल में उत्तर कोरिया की तरह तानाशाही कर रही हैं। वहीं, नबन्ना चलो अभियान में शामिल होने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को कोलकाता ले जा रही बसों को उत्तर 24 परगना में पुलिस ने रोक दिया है। कोलकाता के हेस्टिंग्स से शुभेंदु अधिकारी के अलावा भाजपा नेता राहुल सिन्हा और सांसद लॉकेट चटर्जी सहित कई नेताओं को हिरासत में लिया गया है। नेताओं को लालबाजार में कोलकाता पुलिस मुख्यालय ले जाया गया है। इससे पहले बंगाल भाजपा प्रमुख सुकांत मजूमदार ने कहा कि हमारे तीन नेता क्रमशः हावड़ा मैदान, कॉलेज स्क्वायर और संतरागांची से नबन्नो चलो अभियान का आयोजन करेंगे। टीएमसी हमारी रैलियों को रोकने की कोशिश कर रही है। हमें किसी से अनुमति की जरूरत नहीं है, खासकर सीएम ममता बनर्जी से। वहीं, विधायक अग्निमित्र पॉल ने कहा था कि यह भाजपा का विरोध नहीं है, बल्कि बंगाल के सभी लोगों का विरोध है। ममता बनर्जी को जवाब देना होगा कि उनकी सरकार ने बंगाल के लोगों को धोखा क्यों दिया? वहीं, शुभेंदु अधिकारी ने ट्वीट कर कहा कि ममता पुलिस युद्धस्तर पर है, एक लोकतांत्रिक राजनीतिक घटना को कुचलने की कोशिश कर रही है। संतरागाछी में उठाई गई स्टील की आड़ उसकी चिंता और कायरता का प्रतीक है। इस ममता को याद रखना, लोकतंत्र की लहर के आगे कोई दीवार टिक नहीं सकती, यह तो जल्द ही टूट जाएगी। एक वीडियो जारी कर उन्होंने लिका कि झारग्राम पुलिस स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक बिप्तल करमाकर भाजपा कार्यकर्ताओं को डराने के लिए अपनी सर्विस रिवॉल्वर (सिविल कपड़ों में रहते हुए) को लहराते हुए देखा जा सकता है। उन्हें धमकी दी कि वे कोलकाता न जाएं और नबन्ना मार्च में शामिल हों।

सोनाली फोगाट हत्याकांड पर हरियाणा सरकार की चिट्ठी रंग लाई, अब होगी सीबीआई जांच

-गोवा के सीएम प्रमोद सांमत ने भी दी हरी झंड़ी



फतेहाबाद। भाजपानेत्री और अभिनेत्री-मॉडल सोनाली फोगाट हत्याकांड की गुत्थी अब शायद सुलझ जाए। इस केस की जांच अब सीबीआई करेगी। दरअसल हरियाणा सरकार के हस्तक्षेप और पत्र लिखे जाने के बाद गोवा सीएम प्रमोद सांवत का इसे लेकर बयान आया है। लंबे समय से सीबीआई जांच की मांग उठ रही थी। हरियाणा सरकार ने भी पत्र लिखा था। इस मामले में अब बड़े राज सामने आ सकते हैं। सोनाली फोगाट हत्याकांड मामले में बीते दिन ही इस मामले में हरियाणा की खाप पंचायतों ने 23 सितंबर तक अल्टीमेटम दिया था और 24 सितंबर से प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी थी। जिसके बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री ने भी इस मुद्दे पर दोबारा सीबीआइ जांच के लिए गोवा सरकार से आग्रह किया था। उन्होंने बीते दिन बयान भी दिया था कि अगर परिजन गोवा पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं होंगे तो गोवा सरकार मामले को सीबीआइ को सौंप देगी। सोनाली फोगाट के पीए सुधीर सांगवान व सुखविंदर के खिलाफ इस मामले में हत्या का आरोप लगा था और दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने इसकी पुष्टि की है। इस मामले में गोवा पुलिस अब तक तीन बार दोनों आरोपितों को रिमांड पर ले चुकी है और कुल 14 दिन के पुलिस रिमांड में गोवा पुलिस आरोपितों से क्या उगलवा चुकी है, इसको लेकर अभी तक कुछ भी कहने से साफ तौर पर बच रही है गोवा पुलिस। एसएचओ से लेकर डीजीपी तक सभी इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। पूछे जाने पर सिर्फ इतना कहा जा रहा है कि जांच सही दिशा में है और बार-बार सीबीआइ जांच को भी टाला जा रहा है। उधर हिसार में सोनाली के परिजन लगातार इस मुद्दे पर गोवा पुलिस की जांच पर सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग कर चुके हैं।

विभिन्न कंपनियों की इलेक्ट्रिक बसों को चार्ज करने की एक ही प्रणाली होनी चाहिए : गडकरी

नई दिल्ली। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उन्होंने अपने विभाग के अधिकारियों से विभिन्न कंपनियों की इलेक्ट्रिक बसों के लिए समान चार्जिंग प्रणाली पर गौर करने को कहा है। गडकरी ने कहा कि विभिन्न कंपनियों की इलेक्ट्रिक बसों के लिए अलग-अलग चार्जिंग प्रणाली है, इसकारण राज्यों को दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा, ''हिमाचल प्रदेश के परिवहन मंत्री ने मुझे विभिन्न कंपनियों की इलेक्ट्रिक बसों के लिए अलग-अलग चार्जिंग प्रणाली की समस्या के बारे में बताया। मैंने अपने अधिकारियों से इसका समाधान करने के कह दिया है। विभिन्न कंपनियों की इलेक्ट्रिक बसों को चार्ज करने के लिये एक ही प्रणाली होनी चाहिए।'' गडकरी ने लोगों को सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमें लोगों को और कार खरीदने के लिए हतोत्साहित करने की जरूरत है... हमें महानगरों में वातानुकूलित ट्रॉली बस सेवा शुरू करने की आवश्यकता है।

सिर्फ नेहरू खानदान में पैदा हुए लोगों को ही स्वतंत्रता सेनानी मानते हैं राहुल : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने राहुल गांधी पर हिंदू विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राहुल गांधी हिंदू विरोधियों का सम्मान करते हैं, लेकिन जब बात सच्चे गांधीवादियों के सम्मान की आती है, तो राहुल उनका अपमान करते नजर आते हैं। भाजपा ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का वीडियो शेयर करते हुए ट्वीट कर कहा कि, राहुल की प्राथमिकताएं बिल्कुल साफ हैं। हिंदू विरोधियों का सम्मान करो और सच्चे गांधीवादियों का अपमान करो। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी केवल नेहरू परिवार में पैदा हुए लोगों को ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मानते हैं। भाजपा ने इस वीडियो में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को भारत तोड़ो यात्रा बताते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। तमिलनाडु में पादरी से मुलाकात की आलोचना करते हुए भाजपा द्वारा शेयर किए गए वीडियो में कहा गया है कि अपनी यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने तमिलनाडु में देश विरोधियों और हिंदू विरोधियों का सम्मान किया और केरल पहुंचने के बाद उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और सच्चे गांधीवादियों का अपमान किया। देश की आजादी के लिए ब्रिटिश के खिलाफ लड़ने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और सच्चे गांधीवादियों केई मैमन और पी गोपीनाथन नैय्यर की याद में बने स्मारक के उद्घाटन में राहुल गांधी को जाना था।

मस्जिदें गिराने में विश्व गुरू बन सकता है भारत : महबूबा मुफ्ती

जम्मू। ज्ञानवापी मामले में वाराणसी जिला अदालत के फैसले के बाद जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने निराशा जताई है। उन्होंने कहा कि अदालतें खुद अपने फैसले का सम्मान नहीं कर रही हैं। मुफ्ती महबूबा ने कहा भाजपा के राज में देश मस्जिदें गिराने में विश्वगुरू बन सकता है। मीडिया से बात करते हुए महबूबा मुफ्ती ने कहा, मेरे विचार में कोर्ट खुद अपने ही आदेश की अवहेलना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून में कहा गया है कि 1947 से पहले के सभी पूजा स्थल यथास्थिति में ही रहेंगे। चाहे वह मंदिर हो, मस्जिद हो या फिर किसी और धर्म का पूजा स्थल हो। संसद में इससे संबंधित कानून बना लेकिन अब अदालत ही इसका पालन नहीं कर रही है। जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाने का आरोप लगाते हुए मुफ्ती ने कहा, भाजपा के पास लोगों के लिए रोजगार नहीं हैं। लोग दिनों-दिन गरीब होते जा रहे हैं। महंगाई आसमान पर है। केवल दो बिजनसमैन अमीर हो रहे हैं जबकि आम आदमी परेशान हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदू-मुस्लिम कार्ड केलकर अपने मकसद में कामयाब होना चाहती है। वह मस्जिद गिराने में भारत को विश्वगुरू बनाना चाहती है।

उल्लेखनीय है कि वाराणसी की जिला अदालत ने सोमवार को मुस्लिम पक्ष के प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है और कहा है कि श्रृगांर गौरी मामले में सुनवाई हो सकती है। हिंदू पक्ष इसे अपनी जीत बता रहा है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 22 सितंबर को होनी है। वहीं अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमिटी ने कहा है कि वह हाई कोर्ट में अपील करेगी। मुफ्ती ने ट्वीट कर कहा था, किसी को बोलने नहीं दिया जाता है। आवाज दबाई जा रही है। उपराज्यपाल को जनता का पैसा पीआर में खर्च करने की जगह भलाई में लगाना चाहिए। जमीन पर कुछ भी अच्छा नहीं हो रहा है। गुज्जर, बक्करवाल, मुस्लिम, कश्मीरी पंडित, डोगरा और अन्य, सभी परेशान किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहुंच रखने वाले कर्मचारियों का ट्रांसफर जम्मू कर दिया गया है और बाकी संघर्ष कर रहे हैं। बहुत सारे लोगों की सेलरी रोक ली गई है, क्योंकि वे घाटी में काम करने नहीं जाना चाहते हैं।

सऊदी क्राउन प्रिंस को पीएम मोदी ने बधाई के साथ प्रेषित किया निमंत्रण, जल्द आएंगे भारत

रियाद। मित्र राष्ट्रों से रिश्तों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र की नीति काफी उदार रही है। सऊदी अरब के राष्ट्रीय दिवस से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को अपनी शुभकामनाएं दी हैं और उन्हें जल्द से जल्द भारत आने का निमंत्रण दिया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल ही में सऊदी अरब की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा समाप्त की और वहां के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत की। उन्होंने रविवार को जेद्दा में सऊदी क्राउन प्रिंस से मुलाकात की और प्रधानमंत्री मोदी का एक लिखित संदेश सौंपा। जिसमें 23 सितंबर को सऊदी अरब के आगामी राष्ट्रीय दिवस पर बधाई दी गई और क्राउन प्रिंस को जल्द से जल्द भारत आने का निमंत्रण दिया गया। भारतीय दूतावास की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि एस जयशंकर ने राजनीतिक, व्यापार, ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा सहित सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। क्राउन प्रिंस मोहम्मद ने फरवरी 2019 में भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा की थी। इस बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के अवसरों की समीक्षा की गई। साथ ही नई क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं के विकास के साथ-साथ उनसे निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा की गई। इससे पहले रविवार को रियाद में जयशंकर ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ बातचीत की। इसमें वर्तमान वैश्विक राजनीतिक के साथ-साथ आर्थिक मुद्दों पर चर्चा की गई और दोनों नेता जी-20 और दूसरे बहुपक्षीय संगठनों में मिलकर काम करने पर सहमत हुए। दोनों मंत्रियों ने भारत-सऊदी अरब सामरिक भागीदारी परिषद के ढांचे के तहत राजनीतिक, सुरक्षा, सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग समिति (पीएसएससी) की उद्घाटन बैठक की सह-अध्यक्षता की। जयशंकर ने 10 सितंबर को खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव नायेफ फलाह मुबारक अल-हजरफ से मुलाकात की और भारत-जीसीसी संबंधों पर चर्चा की।

उत्तराखंड के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से की मुलाकात

नई दिल्ली। उत्तराखंड के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने दिल्ली प्रवास के दौरान मंगलवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्री जोशी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को उत्तराखंड में प्रादेशिक सेना की 127 और 130 पर्यावरण सेना और पूर्व सैनिकों के (ईएसएम) के कल्याण के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। जोशी ने कहा भूतपूर्व सैनिकों की भूमिका उत्तराखंड में बेहद महत्वपूर्ण है और ये सेवानिवृत्त भूतपूर्व सैनिक देहरादून और पिथौरागढ स्थित प्रादेशिक सेना की 127 और 130 पर्यावरण सेना बल के माध्यम से सेवानिवृत्त के बाद राज्य में पर्यावरण संरक्षण के उत्थान में कार्यरत हैं। दोनों टास्क फोर्स की कंम्पनियां गढ़वाल और कुमाऊं में कार्यरत हैं एवं पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है जिसके लिए उन्हें विभिन्न संगठनों-एजेंसियों-भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा कई पुरस्कारों से अलंकृत किया गया है। अभी तक यह दोनो टास्क फोर्स की कंम्पनियां करीब सोलह सौ हेक्टेअर बंजर क्षेत्र को जंगल में तब्दील कर दिया है। लाखों की संख्या में पेड़ लगाए जा चुके हैं और बंजर हो रहे पहाड़ फिर से हरे-भरे हो चुके हैं। ईको टास्क फोर्स समय-समय पर स्थानीय स्कूली बच्चों और स्थानीय सामाजिक संस्थाओं के साथ तालमेल करके पेड़ लगाने का अभियान भी चलाती है। मंत्री जोशी ने यह भी कहा कि उत्तराखण्ड सरकार पर रक्षा मंत्रालय का 132 करोड़ रुपए की धनराशि बकाया है, जोकि रक्षा मंत्रालय द्वारा भूतपूर्व सैनिक कर्मचारियों को भुगतान किया गया है। मंत्री जोशी ने कहा कि यदि राज्य सरकार बकाया भुगतान देने में असफल होती है तो रक्षा मंत्रालय राज्य सरकार द्वारा वित्त पोशित 127 एवं 130 पर्यावरण सेना बल की कम्पनियों को डिस्बैण्ड कर देगी।

इमरान ने जनरल बाजवा के सेवा विस्तार देने का प्रस्ताव दिया, पीएम शहबाज को बताया 'भगोड़ा'

इस्लामाबाद।

पाकिस्तान के अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान फिर से सत्ता में आने के लिए नई-नई जुगत लड़ाने में जुटे है और अब जल्द चुनाव कराए जाने की अपनी मांग को दोहराते हुए सोमवार को कहा कि सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा को नई सरकार के चुने जाने तक सेवा विस्तार दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ नवंबर के अंत तक मौजूदा जनरल बाजवा की सेवानिवृत्ति से पहले नए सेना प्रमुख को चुनने के लिए तैयार हैं। शरीफ पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए दुनिया न्यूज चैनल को दिए एक साक्षात्कार में इमरान ने कहा, महज 85 सीटें हासिल करने वाला भगोड़ा कैसे नए सेना प्रमुख को नियुक्त कर सकता है।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के फैसलाबाद में रविवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए खान ने आरोप लगाया कि सरकार निष्पक्ष चुनाव से डरती है और नए सेना प्रमुख की नियुक्ति तक चुनाव में देर कर रही है। खान ने आरोप लगाया, %(आसिफ अली) जरदारी और नवाज (शरीफ) अपने चहेते को अगले सेना प्रमुख के रूप में लाना चाहते हैं क्योंकि उन्होंने जनता का पैसा चुराया है।÷ उन्होंने कहा, ÷उन्हें (जरदारी व शरीफ को) डर है कि जब देशभक्त सेना प्रमुख आएंगे तो वह उनसे उनकी लूट के बारे में पूछेंगे। पाकिस्तानी सेना ने हालांकि इमरान के इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है।

सेना ने एक बयान में कहा, पाकिस्तानी सेना फैसलाबाद में एक राजनीतिक रैली के दौरान पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष द्वारा पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ नेतृत्व के बारे में अपमानजनक और गैरजरूरी बयान से व्यथित है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने आरोप लगाया है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान 'सत्ता के लिए बेताबी' में शक्तिशाली प्रतिष्ठान के साथ 'बातचीत के दरवाजे' खोलने की कोशिश कर रहे हैं। आसिफ का यह दावा पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के गुजरांवाला में एक रैली में इमरान द्वारा प्रतिष्ठान (सेना) को यह चेतावनी दिए जाने के कुछ दिन बाद आया है कि अगर देश तथा अर्थव्यवस्था मौजूदा सरकार के तहत और भी खराब स्थिति में पहुंचते हैं तो उसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

न्यूज़ ट्रैक....

रिजवान की धीमी बल्लेबाजी के कारण हारी पाकिस्तानः गंभीर

दुबई। श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान क्रिकेट टीम की हार के पीछे प्रमुख बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की धीमी अर्धशतकीय

पारी को जिम्मेदार माना जा रहा है। रिजवान ने 47 गेंद खेलकर 55 रन बनाए। रिजवान ने एशिया कप में तीसरा अर्धशतक लगाया और वे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे पर उनकी स्ट्राइक रेट बेहद कम रही। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा है कि पाकिस्तान की हार के लिए रिजवान और इफ्तिखार अहमद जिम्मेदार है। जब ये दोनो पेवेलियन लौटे तो टीम को जीत के लिए प्रति ओवर 12 से अधिक रन चाहिये थे। यह नए बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होता है। ऐसे में जो बल्लेबाज अधिक समय तक क्रीज पर रहता है, उसी पर तेजी से रन बनाने की जिम्मेदारी होती है. रिजवान का स्ट्राइक रेट 112 का रहा। वहीं श्रीलंका की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले भानुका राजपक्षे का स्ट्राइक रेट 158 रहा। उन्होंने 45 गेंद पर नाबाद 71 रन बनाए। रिजवान ने 6 मैच में 56 की औसत से 282 रन बनाए जिसमें 3 अर्धशतक रहे पर उनका स्ट्राइक रेट 118 का रहा।

गौतम, प्रियांशी, देवांशी, अराध्या और मन को सरताज लीग बैडमिंटन खिताब

इन्दौर। सरताज अकादमी द्वारा आयोजित 61वीं सरताज लीग बैडमिंटन स्पर्धा में गौतम मूणत ने 17 वर्ष बालक और देवांशी गर्दे ने 13 वर्ष बालिका खिताब उलटफेर कर जीते। सीनियर बालिका में प्रियांशी पटेल, 13 वर्ष बालकों में मन बड़जात्या और 11 वर्ष बालिका में अराध्या आर्य विजेता रहे। नारायण बाग बाल विकास केंद्र बैडमिंटन हाल में हुई इस स्पर्धा में 13 वर्ष बालिका फाइनल में देवांशी गर्दे ने अराध्या आर्य को 21-16, 21-17 से हराया। 17 वर्ष बालकों के फाइनल में गौतम मूणत ने गत विजेता पहले क्रम के आशुतोष बिन्नानी को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 21-16, 19-21, 21-18 से हराकर उलटफेर किया। सीनियर बालिका फाइनल में प्रियांशी पटेल ने संदिली गोयल को 21-14, 21-10 से हराया। 11 वर्ष बालिका खिताबी मुकाबले में अराध्या आर्य ने वृतिका राज को 21-12, 21-14 से पराजित किया। 13 वर्ष बालक फाइनल में मन बड़जात्या ने आरव गोयल को 21-14, 21-11 से हराया। अराध्या आर्य दो वर्गों के फाइनल खेली। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक राष्ट्रीय बैडमिंटन रैफरी धर्मेश यशलहा थे। मुकाबले योनेक्स फेदर शटलकाक से हुए।

टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम घोषित, बुमराह, हर्षल की वापसी

मुम्बई। अगले माह अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी-20 विश्व कप क्रिकेट के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा हो गयी है। इस टीम में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह , हर्षल पटेल की वापसी हुई जबकि चार खिलाड़ी स्टैंडबाय में रखे गए हैं। विकेटीपर बल्लेबाज के तौर पर ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक दोनो ही बरकरार रखे गये हैं जबकि युवा बल्लेबाज दीपक हुड्डा को भी टीम में जगह मिली है। अनुभवी स्पिनर आर अश्विन को भी टीम में रखा गया है। अश्विन के अलावा युजवेंद्र चहल को भी टीम में जगह मिली है। तेज गेंदबाज के तौर पर युवा अर्शदीप सिंह को भी टीम में जगह मिली है। मोहम्मद शमी और दीपक चाहर को स्टैंडबाय खिलाड़ी के तौर पर रखा गया है। बुमराह और हर्षल पटेल की फिट होने के बाद वापसी हुई है। इससे भारतीय गेंदबाजी को बल मिलेगा। हुई है, जो चोट की वजह से काफी दिनों से क्रिकेट से दूर थे। वहीं ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को एशिया कप के दौरान चोट लगी थी। जिसके कारण उनकी सर्जरी हुई है। ऐसे में उन्हें टी में जगह नहीं मिली है। उनकी जगह पर स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल को शामिल किया गया है। टी-20 विश्वकप के लिए रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, आर. अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह।

स्टैंडबाय खिलाड़ी - मोहम्मद शमी, श्रेयस अय्यर, रवि बिश्नोई, दीपक चाहर। वहीं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टी-20 के लिए भी टीम घोषित कर दी गयी है। इसमें मोहम्मद शमी की वापसी हुई है।

आर्मी पब्लिक स्कूल व संस्कार वैली स्कूल की खिताबी जीत

भोपाल। भोपाल सिटी लाइव वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में भोपाल शहर में 8 अगस्त को शुरू हुए बी.सी.एल. इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन आज टी टी नगर स्टेडियम में मेगा फाइनल के साथ हुआ। बालिका वर्ग के फाइनल मैच में आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल ने डी पी एस भोपाल को 2-0 से वहीं बालक वर्ग में संस्कार वैली ने सागर पब्लिक स्कूल गांधीनगर को 5-0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मनीष शंकर शर्मा एडीजी, के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में डा संजय भारद्वाज (द्रोणाचार्य अवार्डी प्रशिक्षक-क्रिकेट), डा अलोक मिश्रा (विभागाध्यक्ष शा शिक्षा विभाग, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, प्रो संजय बंसल (समूह निदेशक लक्ष्मीपति संस्थान) के साथ डा राजेश त्रिपाठी (प्राचार्य-विद्या निकेतन महाविद्यालय), डा राजेश मिश्रा (खेल संचालक-मैनिट भोपाल), डा बी एस भदौरिया (उप-प्राचार्य-विद्या निकेतन महाविद्यालय), जोन्सी कोसी (विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग कैम्पियन स्कूल भोपाल), सुमन पुरोहित दास प्रायार्या आइकोनिक स्कूल ने विजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया।

भानुका राजपक्षे ने देशवासियों को समर्पित किया एशिया कप

अपने क्रिकेटरों पर भरोसा करें: शनाका

दुबई। श्रीलंकाई क्रिकेटर भानुका राजपक्षे ने एशिया कप की खिताबी जीत अपने देशवासियों को समर्पित की है। भानुका ने पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस बल्लेबाज ने कहा, ''कुछ दशक पहले हम हमेशा ही पूरे विश्व को दिखाना चाहते थे कि हमारे पास भी आक्रामकता है और हम चाहते थे कि एक टीम के रूप में हम पहले वाले क्षणों को याद करें।'' उन्होंने कहा, ''अब हम विश्व कप से पहले मिली इस लय को बनाए रखना चाहेंगे। साथ ही कहा कि देश में जारी आर्थिक और अन्य संकटों को देखते हुए यह श्रीलंका के सभी लोगों के लिए एक कठिन समय है पर इस जीत से हम अपने लोगों के चेहरों पर कुछ मुस्कान अवश्य ही ला पाए हैं।'' इस बल्लेबाज ने साथ ही कहा, ''यह पूरे देश के लिए है वे इतने लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे थे।'' गौरतलब है कि देश में सबसे खराब आर्थिक संकट और राजनीतिक अशांति के बीच भी श्रीलंका ने एशिया कप खिताब जीता है। राजपक्षे के साथ ही श्रीलंकाई कप्तान दासुन शनाका ने भी टूर्नामेंट के पहले मैच में अफगानिस्तान से हारने के बावजूद पूरे टूर्नामेंट में इतना अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपनी टीम की प्रशंसा की। शनाका ने प्रशंसकों के लिए संदेश भी दिया है। शनाका ने कहा, ''अपने क्रिकेटरों पर विश्वास करें। बहुत सारी बुरी चीजें हो रही हैं।

जगरेब में क्रोएशिया की सेंड्रा परकोविव महिलाओं के डिस्कस थ्रो इवेंट में भाग लेती हुई।

सहवाग, शोएब और चोपड़ा सहित कई खिलाड़ियों ने एशिया कप जीतने पर श्रीलंका को बधाई दी

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग सहित कई खिलाड़ियों ने टी20 एशिया कप जीतने पर श्रीलंकाई टीम को बधाई दी है। सहवाग ने ट्वीट किया, अच्छा खेला श्रीलंका, एशिया कप के योग्य चैंपियन। वहीं पाकिस्तान टीम के पूर्व कप्तान शोएब मलिक ने अपनी टीम की हार के बाद पाक टीम में चल रहे दोस्तीवाद पर प्रतिक्रिया दी। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा, हम दोस्ती, पसंद-नापसंद की संस्कृति से कब बाहर आएंगे। वहीं, पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने लिखा, किसने सोचा होगा कि बाबर आजम से बेहतर औसत के साथ बाबर हयात इस टूर्नामेंट का अंत करेंगे? आजम के लिए एक पूरी तरह से भूलने योग्य टूर्नामेंट। इसके अलावा आईपीएल खेल चुके जसकरन सिंह ने कू करते हुए लिखा, हार कर जीतने वाले को बाजीगर कहा जाता है। अफगानिस्तान से

अपना पहला मैच हारने के बाद श्रीलंकाई टीम चैंपियन की तरह खेली और विजेता बनी। श्रीलंका एशिया कप की अधिकारी है। विश्व कप से ठीक पहले एशिया कप विजेता होने से श्रीलंका का मनोबल काफी ऊपर जाएगा। अगर पहला मैच छोड़ दिया जाए तो यह टीम चैंपियन की तरह खेली है। इसके अलावा पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने इंस्टाग्राम पर एक मजाकिया वीडियो शेयर करते हुए श्रीलंका की टीम को

बधाई दी है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक एथलीट रेस में दौड़ने के लिए निकलती है, लेकिन उसका जूता निकल जाता है, फिर भी वो विजेता बन जाती है। ऐसा ही कुछ श्रीलंका के साथ हुआ। टीम पहला मैच हारी, लेकिन इसके बाद लगातार पांच मैच टीम ने जीते और एशियाई चैंपियन बनी। पाकिस्तान के पूर्व पेसर वसीम अकरम ने ट्वीट किया, जीतना ही सब कुछ नहीं है, बस यही एक चीज है।

व्यापारन्यूज

योग गुरु रामदेव की चार कंपनियां लाएंगी आईपीओ

नई दिल्ली। योग गुरु रामदेव की 4 कंपनियों का आईपीओ आने वाला है। उन्होंने एक सामाचार चैनल से वार्ता के दौरान ये बात कही। रामदेव ने बताया कि जिन कंपनियों का आईपीओ लाने की

योजना है उनके नाम पतंजलि आयुर्वेद, पतंजलि वेलनेस, पतंजलि मेडिसिन और पतंजलि लाइफस्टाइल है। ये आईपीओ अगले 5 साल के अंदर आएंगे। रामदेव की एक अन्य कंपनी, पतंजलि फूड्स पहले से शेयर बाजार में लिस्टेड है। दरअसल, पतंजलि आयुर्वेद ने 2019 में रुचि सोया का अधिग्रहण किया था जो एक लिस्टेड कंपनी थी। इसी साल रुचि सोया का नाम बदलकर पतंजलि फूड्स कर दिया गया। यह सौदा करीब 4,300 करोड़ रुपए का था। शुक्रवार को पतंजलि फूड्स के शेयर 1380.35 रुपए पर बंद हुए थे। कारोबार के दौरान बीएसई पर ये शेयर 1400 रुपए तक पहुंचा था जो इसका 52 हफ्तों का सर्वोच्च स्तर है। सोमवार को शुरुआती कारोबार में इसके शेयरों में बेहद मामूली बढ़त दिख रही है। कंपनी की योजना 15 लाख एकड़ से अधिक जमीन पर पाम की खेती करने की है! कंपनी अगले 5-7 साल में इस कारोबार से 2 हजार करोड़ रुपये का सालाना का लाभ बनाने का लक्ष्य कर रही है। कंपनी ने 31 अगस्त को अरुणाचल प्रदेश में ऑयल पाम मिल की आधारशिला रखी थी। कंपनी राज्य के 9 जिलो में पाम के पेड़ लगाएगी। गौरतलब है कि एक पेड़ से करीब 40 साल तक तेल निकल सकता है। बाबा रामदेव का कहना है कि वह पतंजलि फूड्स को कर्ज मुक्त रखना चाहते हैं।

रेलवे का राजस्व 38 फीसदी बढ़कर 95,486.58 करोड़ पहुंचा

नई दिल्ली। भारतीय रेल की आय में जोरदार बढ़ोतरी हुई है। रेलवे का कुल राजस्व् अगस्त 2022 के आखिर में 38 फीसदी बढ़कर 95,486.58 करोड़ रुपए हो गया। यह आंकड़ा एक साल पहले की समान अवधि में 26,271.29 करोड़ रुपए था। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि रिपोर्टिंग पीरियड में यात्री यातायात से राजस्व 25,276.54 करोड़ रुपए था, जो सालाना आधार पर 116 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। एक साल पहले यह आंकड़ा 13,574.44 करोड़ रुपए था। आरक्षित और अनारक्षित दोनों खंडों में पिछले साल की तुलना में यात्री यातायात में वृद्धि हुई है। रेलवे ने कहा कि लंबी दूरी की आरक्षित मेल एक्सप्रेस ट्रेनों की वृद्धि दर उपनगरीय रेलगाड़ियों की तुलना में अधिक रही है। अन्य कोचिंग राजस्व 2,437.42 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 50 फीसदी ज्यादा है। बयान में कहा गया है कि पार्सल खंड में मजबूत वृद्धि देखी गई। इस साल अगस्त के आ?खिर तक माल राजस्व 10,780.03 करोड़ रुपए या 20 फीसदी बढ़कर 65,505.02 करोड़ रुपए हो गया। गौरतलब है कि रेलवे लगातार आय में बढ़ोतरी पर काम कर रही है। देश में ही रेल पहियों का निर्माण हो और निर्यात कर मुनाफा कमाया जाए, इसको लेकर रेलवे ने ब्लूप्रिंट बना लिया है। पहिया प्लांट बनाने के लिए एक निविदा जारी की गई है जो हर साल कम से कम 80,000 पहियों का निर्माण करेगी।

सेंसेक्स फिर 60 हजार के पार, निफ्टी 17,900 पर

मुंबई। एशियाई बाजारों में तेजी और विदेशी कोषों की आवक जारी रहने से सप्ताह के पहले दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान शेयर बाजारों में तेजी देखी गई। इस दौरान लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 274.07 अंक चढ़कर 60,067.21 पर पहुंच गया। इसी तरह व्यापक एनएसई निफ्टी 79.45 अंक बढ़कर 17,910.50 पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में टेक महिंद्रा, इंफोसिस, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और आईसीआईसीआई बैंक बढ़ने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर एचडीएफसी, डॉ रेड्डीज, एलएंडटी, एशियन पेंट्स और कोटक बैंक में गिरावट हुई। अन्य एशियाई बाजारों में जापान के बाजार सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि चीन और दक्षिण कोरिया में बाजार छुट्टियों के चलते बंद थे। आज के कारोबार में शुरुआत से ही सभी सेक्टर में बढ़त दिख रही थी, लेकिन निफ्टी मीडिया और निफ्टी आईटी सेक्टर ने सबसे ज्यादा बढ़त बनाई है। मेटल सेक्टर के स्टॉक्स में भी तेजी दिख रही है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.38 प्रतिशत फिसलकर 91.53 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर आ गया। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 2,132.42 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

अनिल अंबानी की आरआईएल ने अडानी ट्रांसमिशन पर दायर किया 13,400 करोड़ रुपए वसूली का दावा

नई दिल्ली। कठिन दौर से गुजर रही अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (आरआईएल) के लिए राहत की खबर है कंपनी ने अडानी ट्रांसमिशन लिमिटेड के खिलाफ 1.7 अरब डॉलर यानी 13,400 करोड़ रुपये का आर्बिट्रेशन क्लेम दायर किया है। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर का आरोप है कि अडानी ट्रांसमिशन ने अपने मुंबई पावर डिस्ट्रिब्यूशन कारोबार को बेचने के सौदे में शर्तों का उल्लंघन किया है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक, रिलायंस ने शिकायत में दिसंबर 2017 के समझौते की शर्तों में उल्लंघन का हवाला दिया है। अनिल अंबानी की कंपनी ने मुंबई सेंटर फॉर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन के समक्ष अपने दावे में अडानी को घेरा है। हालांकि कंपनी ने इस संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी है। बता दें कि अडानी ग्रुप ने साल 2017 में 18,800 करोड़ रुपये की डील के तहत रिलायंस इंफ्रा (तत्कालीन रिलायंस एनर्जी) के मुंबई बिजली कारोबार का अधिग्रहण कर लिया था। इसमें उत्पादन, वितरण और ट्रांसमिशन शामिल था। इस डील ने अडानी ग्रुप को डिस्ट्रिब्यूशन कारोबार में पैर जमाने में मदद की, जिससे उसे एक जनरेशन और ट्रांसमिशन कंपनी से पूरी तरह से एकीकृत पावर यूटिलिटी में बदलने में मदद मिली। रिलायंस एनर्जी ने मुंबई में करीब 30 लाख उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा किया है। अडानी ट्रांसमिशन भारत के प्राइवेट सेक्टर की सबसे बड़ी ट्रांसमिशन और बिजली वितरण इकाई है। आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर अडानी ट्रांसमिशन का शेयर 3910 के स्तर पर खुला, जबकि पिछले कारोबारी दिन यह 3931.65 पर बंद हुआ था। मौजूदा समय में कंपनी का मार्केट कैप करीब 4,38,812.51 करोड़ रुपये है।

देश में टूटे चावल के निर्यात पर रोक से चीन में बढ़ सकता है खाद्य संकट

मुंबई। देश में टूटे चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने से चीन में खाद्य संकट उत्पन्न हो सकता है। बीजिंग टूटे चावल का सबसे बड़ा खरीदार है। ऐसे में भारत के इस फैसले से चीन में आपूर्ति श्रंखला प्रभावित हो सकती है। चीन में टूटे चावल का इस्तेमाल मुख्य रूप से पशुचारे, नूडल्स और शराब बनाने में किया जाता है। भारत कुछ अफ्रीकी देशों के लिए टूटे चावल का महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता है लेकिन चीन की कृषि सूचना नेटवर्क की ओर से प्रकाशित एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन भारतीय टूटे चावल का सबसे बड़ा खरीदार है। उसने अप्रैल, 2021 में भारत से 11 लाख टन टूटे चावल का आयात किया था। वहीं भारत ने 2021 में रिकॉर्ड 2.15 करोड़ टन चावल का निर्यात किया था, जो दुनिया के शीर्ष चार निर्यातकों थाइलैंड, वियतनाम, पाकिस्तान और अमेरिका के कुल निर्यात से ज्यादा है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि भू-राजनीतिक हालात की वजह से टूटे चावल की वैश्विक मांग बढ़ी, जिससे पशुचारे सहित अन्य कमोडिटी की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। भारत दुनिया में चावल का सबसे निर्यातक है। वैश्विक निर्यात में इसकी 40 फीसदी हिस्सेदारी है।

सरकार ई-वाहनों के लिये सौर और पवन ऊर्जा आधारित चार्जिंग व्यवस्था को कर रही प्रोत्साहित : गडकरी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार देश की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बिजली चालित बनाने के लिए तैयार है। इस आशय की बात केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कही। उन्होंने कहा कि सरकार सौर ऊर्जा के जरिए इलेक्ट्रिक राजमार्गों के विकास पर काम कर रही है। यह कदम अधिक माल ढुलाई क्षमता वाले ट्रकों और बसों की चार्जिंग को सुगम बनाएगा। उद्योग मंडल इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने यह बात दोहराई कि सरकार देश की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बिजली चालित बनाना चाहती है। उन्होंने कहा, 'सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये सौर और पवन ऊर्जा आधारित चार्जिंग व्यवस्था के विकास को प्रोत्साहित कर रही है।' मंत्री ने कहा, 'हम इलेक्ट्रिक राजमार्ग के विकास पर

भी काम कर रहे हैं। यह सौर ऊर्जा के जरिये संचालित होंगे। इससे भारी माल ढुलाई क्षमता वाले वाले ट्रकों और बसों को यात्रा के दौरान चार्ज करने में सुविधा होगी।' एक इलेक्ट्रिक राजमार्ग से आशय ऐसी सड़क से है जो उसपर यात्रा करने वाले वाहनों को बिजली की आपूर्ति करती है। इसमें 'ओवरहेड' बिजली की लाइन के जरिये ऊर्जा की आपूर्ति शामिल है। गडकरी ने कहा कि सड़क मंत्रालय टोल प्लाजा को सौर ऊर्जा से चलाने के लिये भी प्रोत्साहित कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक अच्छी तरह से विकसित बुनियादी ढांचा आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाता है, नई कंपनियां सृजित करता है और रोजगार के अवसर बढ़ाता है। 'हम 26 नये एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहे हैं।' गडकरी ने कहा कि पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान की शुरुआत के साथ परियोजनाओं को तेजी से मंजूरी मिलेगी और इससे 'लॉजिस्टिक' लागत में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका दोनों स्वाभाविक भागीदार हैं। उन्होंने अमेरिका के निजी निवेशकों को भारत के 'लॉजिस्टिक, रोपवे और केबल कार' क्षेत्रों में निवेश के लिये आमंत्रित किया।

सेहतमंद रहने के लिए वर्कआउट के बाद पीएं ये एनर्जी ड्रिंक्स, मिलेगी दोगुनी ताकत

सेहतमंद रहने के लिए वर्कआउट करना बेहद जरूरी है। इससे इम्यूनिटी बढ़ने के साथ बेहतर शारीरिक विकास होने में मदद मिलती है। मगर अक्सर एक्सरसाइज के बाद शरीर में थकावट महसूस होती है। ऐसे में इस थकान को भगाने के लिए आप अपनी डाइट में कुछ हैल्दी एनर्जी ड्रिंक्स को शामिल कर सकती है। उससे आपके शरीर को ऊर्जा मिलने के साथ बेहतर शारीरिक विकास होने में मदद मिलेगी। तो आइए जानते हैं उन ड्रिंक्स के बारे में...

गाजर का जूस

गाजर में विटामिन्स, मिनरल्स व अन्य जरूरी तत्वों के साथ एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। यह शरीर में थकावट, कमजोरी दूर करके फ्रेश फील करवाने में मदद करता है। ऐसे में वर्कआउट के बाद गाजर का जूस पीना बेस्ट ऑप्शन है।

संतरे का जूस

संतरा विटामिन सी का उचित स्त्रोत है। इसका जूस पीने का एक्सरसाइज के बाद शरीर को पूरा पोषण मिलता है। थकान दूर होकर तरोताजा महसूस होता है।

चॉकलेट शेक

आप एक्सरसाइज के बाद थकान दूर करने के लिए चॉकलेट शेक भी पी सकती है। इससे शरीर को सभी जरूरी पोषक तत्व और एंटीऑक्सीडेंट्स मिलेंगे। थकान दूर होकर एनर्जेटिक फील होगा।

व्हीटग्रास ड्रिंक

वर्कआउट के बाद शरीर में इंस्टेंट एनर्जी बढ़ाने के लिए व्हीटग्रास जूस पीना बेस्ट ऑप्शन है। इसमें पोषण होने से शरीर को सभी जरूरी तत्व मिलेंगे। साथ ही बेहतर शारीरिक विकास में मदद मिलेगी। वहीं इसमें कैलोरी कम होने से वजन कंट्रोल करने में भी मदद मिलेगी।

बनाना शेक

आप एनर्जी के लिए बनाना शेक का सेवन कर सकती हैं। इसमें सभी जरूरी तत्व व एंटी-ऑक्सीडेंट्स होने से थकान दूर होकर ऊर्जा आने में मदद मिलेगी। साथ ही लंबे समय तक पेट भरा रहने से ओवर ईटिंग की परेशानी से आराम मिलेगा।

कैटरीना के साथ टाइगर 3 के सेट पर लौटने को तैयार सलमान, जल्द शुरू होगी शूटिंग

टाइगर 3 सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है और हो भी क्यों ना इस फ्रेंचाइजी की पिछली दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका जो किया है। पिछले कुछ समय से कोरोना महामारी के कारण फिल्म की शूटिंग रुकी हुई थी। अब सलमान ने कैटरीना कैफ के साथ फिल्म के सेट पर लौटने के लिए कमर कस ली है। वह फिल्म की शूटिंग की तैयारियों में जुट गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक टाइगर 3 की टीम पहले मुंबई में एक विदेशी सेटअप बनाने की तैयारी में थी, लेकिन अब उन्होंने यह योजना टाल दी है। इसके बजाय निर्माताओं ने सलमान और कैटरीना के साथ विदेश जाकर शूटिंग करने का फैसला किया है। कोरोना महामारी की स्थिति में हो रहे सुधार को देखते हुए निर्माता आदित्य चोपड़ा और निर्देशक मनीष शर्मा ने फिल्म को असल जगह पर शूट करने की योजना बनाई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आदित्य चोपड़ा ने 23 जुलाई से यूरोप और मिडिल ईस्ट में फिल्म की शूटिंग शुरू करने के लिए हरी झंडी दे दी है। हालांकि, पहले सेट पर सिर्फ सलमान और कैटरीना ही शूटिंग करने जा रहे हैं, क्योंकि मनीष उनके साथ कुछ नाटकीय दृश्य शूट करना चाहते हैं। फिल्म में विलेन बने इमरान हाशमी भी जल्द ही टीम का हिस्सा बनेंगे। निर्माता अपने इस इंटरनेशनल शूट को जल्द से जल्द पूरा करना चाहते हैं।

इमरान हाशमी फिल्म में सलमान से दो-दो हाथ करने के लिए पिछले कुछ महीनों से जिम में खूब पसीना बहा रहे हैं। उनका फिजिकल ट्रांसफर्मेशन देखने लायक है। इसका सबूत उनकी ताजा तस्वीर है, जो सोशल मीडिया पर वायरल है। इमरान किस तरह मेहनत कर रहे हैं, इसकी झलक उन्होंने अपनी इस शर्टलेस तस्वीर में दिखाई है। जिम में ली गई उनकी इस तस्वीर को देख प्रशंसक बेहद प्रभावित हैं। इसके साथ इमरान ने लिखा, यह सिर्फ शुरुआत है।

टाइगर फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म एक था टाइगर ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़ दिए थे। इस फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया था। इसके बाद 2017 में फिल्म टाइगर जिंदा है रिलीज हुई थी। यह भी सुपरहिट हुई थी। टाइगर 3 इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। पहली दो फिल्मों की तर्ज पर उम्मीद है कि यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई करेगी। यह बॉलीवुड की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म बनने जा रही है।

सलमान फिल्म कभी ईद कभी दिवाली में पहली बार अभिनेत्री पूजा हेगड़े के साथ स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे। वह शाहरुख खान अभिनीत फिल्म पठान का भी हिस्सा हैं। सलमान रेस फ्रेंचाइजी के चौथे पार्ट रेस 4 में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा सकते हैं। दूसरी तरफ कैटरीना, अक्षय कुमार के साथ फिल्म सूर्यवंशी में नजर आएंगी। इसके अलावा वह फिल्म फोन भूत में काम कर रही हैं। कैटरीना निर्देशक जोया अख्तर की अगली फिल्म को लेकर भी चर्चा में हैं।

धाकड़ में कंगना रनौत निभाएंगी स्पेशल एजेंट का किरदार

बॉलीवुड की बेबाक एक्ट्रेस कंगना रनौत एक बार फिर शूटिंग पर लौट चुकी हैं. जी हां, एक्ट्रेस ने बुडापेस्ट पहुंचकर अपनी अगली फिल्म 'धाकड़' की शूटिंग को वापस शुरू कर दिया है. जहां आज एक्ट्रेस ने शूटिंग की लोकेशन से अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ साझा की है. इस तस्वीर को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने बताया है कि उन्हें इस फिल्म के अंदर सबसे शातिर एजेंट बनाने की तैयारी की जा रही है.

आपको बता दें, कंगना रनौत हमें इस फिल्म में एक एजेंट के रूप में दिखाई देंगी, इस एजेंट का नाम अग्नि होगा. जहां इस फिल्म का पहला शेड्यूल मध्य प्रदेश में शूट किया जा चुका है. जिसके बाद अब इस फिल्म की शूटिंग बुडापेस्ट में चल रही है. खास बात है कि इस फिल्म में कंगना रनौत के साथ हमें अर्जुन रामपाल भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं. जो इस फिल्म की शूटिंग के लिए इस वक्त अपने पूरे परिवार के साथ बुडापेस्ट पहुंच चुके हैं, और उन्होंने वहां कंगना के साथ इस फिल्म की शूटिंग को भी शुरू कर दिया है.

आपको बता दें, कंगना ने अब बॉलीवुड में कई लोगों से पंगा ले लिया है. जिस वजह से एक्टर अब अपनी पर्सनल फिल्मों में काम कर रही हैं. जहां धाकड़ के बाद कंगना के पास जयललिता की बायोपिक थलाइवी भी है. इसके अलावा वो हमें मणिकर्णिका रिटर्न्स: दी लेजेंड ऑफ दीद्दा में भी नजर आएंगी. वहीं एक्ट्रेस के पास उनकी फिल्म तेजस भी पाइपलाइन में पड़ी हुई है. जहां अब खबर है कि एक्ट्रेस बहुत जल्द निर्देशक बनने वाली हैं, जहां वो जल्द ही पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी से जुड़ी एक कहानी पर फिल्म बनाने वाली हैं. एक्ट्रेस ने इस बात को पहले ही साफ कर दिया है कि ये फिल्म इंदिरा गांधी की बायोपिक नहीं होगी. कंगना के पास इस बार फिल्मों का एक पूरा स्टॉक पड़ा हुआ है. जिसकी मदद से वो अपने फैंस का खूब मनोरंजन कर सकती है।

हसीन दिलरुबा का बन सकता है सीक्वल, विक्रांत मैसी ने जाहिर की संभावना

विक्रांत मैसी बॉलीवुड के उभरते हुए अभिनेता हैं। उन्होंने अपने संजीदा अभिनय से लाखों प्रशंसकों को अपना मुरीद बनाया है। 2 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई उनकी फिल्म हसीन दिलरुबा को दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। इस फिल्म में विक्रांत का अभिनय निखर कर सामने आया है। अब इस फिल्म को लेकर विक्रांत ने अहम बयान दिया है। उन्होंने फिल्म हसीन दिलरुबा का सीक्वल बनने की संभावना व्यक्त की है। विक्रांत ने फिल्म हसीन दिलरुबा के सीक्वल बनने की संभावनाओं को स्वीकार किया। जब उनसे पूछा गया कि क्या इस फिल्म का सीक्वल बन सकता है, इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा, यह सच है कि फिल्म का सीक्वल बनने की संभावना है। लोग इस फिल्म को पसंद कर रहे हैं और अगर वे मांग करते हैं तो हम इसके बारे में विचार करेंगे। फिल्म एक रोचक मोड पर खत्म हुई है।

विक्रांत ने कहा कि कनिका ढिल्लों एक कुशल लेखिका हैं और इस फिल्म का सीक्वल बनेगा है या नहीं, यह प्रोड्यूसर पर निर्भर करेगा। उन्होंने अपनी इच्छा प्रकट की है और यदि प्रोड्यूसर फिल्म का सीक्वल बनाना चाहेंगे तो वह भी इस फिल्म का हिस्सा हो सकते हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि फिल्म जिस तरह से रोचक मोड पर समाप्त होती है, इससे इसके सीक्वल की गुंजाइश बनती है। फिल्म हसीन दिलरुबा एक मर्डर मिस्ट्री पर आधारित है। इसमें एक कपल यानी तापसी पन्नू और विक्रांत की कहानी को फिल्माया गया है। कहानी में मोड़ तब आता है जब इसमें हर्षवर्धन राणे की एंट्री होती है। लव ट्रायंगल के इर्दगिर्द फिल्म की कहानी आगे बढ़ती है। फिल्म की कहानी कनिका ने लिखी है। इसका निर्माण आनंद एल राय ने किया है। फिल्म में हल्की-फुल्की कॉमेडी, एक्शन और रोमांस का भरपूर तड़का देखने को मिला है।

सूर्या की तमिल फिल्म सोरारई पोटरु का हिन्दी रीमेक बनेगा, मेकर्स ने की घोषणा

दक्षिण भारतीय फिल्मों की रीमेक में मेकर्स अधिक दिलचस्पी दिखा रहे हैं। अभी कई साउथ फिल्मों की रीमेक के प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। इस कड़ी में एक और फिल्म का नाम शामिल हो गया है। 2020 में आई साउथ अभिनेता सूर्या की फिल्म सोरारई पोटरु की हिन्दी रीमेक का ऐलान हो गया है। यह एक तमिल फिल्म है, जो हिट साबित हुई थी। अब देखना है कि साउथ की इस रीमेक फिल्म में कौन अभिनेता नजर आएंगे। फिल्म समीक्षक सुमित कडेल ने अपने ट्विटर हैंडल पर फिल्म से संबंधित जानकारी शेयर की है। उन्होंने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, हाल के वर्षों में सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्म में से एक सोरारई पोटरु को हिन्दी में रीमेक किया जाएगा। ऑरिजनल फिल्म की निर्देशक सुधा कोंगरा इसकी हिन्दी रीमेक का निर्देशन करेंगी। वहीं, सूर्या और विक्रम मल्होत्रा इस फिल्म का निर्माण करने के लिए साथ आए हैं। फिल्म की कास्ट के बारे में फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। सोरारई पोटरु में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता परेश रावल अहम भूमिका में दिखे थे। प्रोडक्शन हाउस 2 डी एंटरटेनमेंट और अबुर्दतिया एंटरटेनमेंट के बैनर तले इस हिन्दी रीमेक का निर्माण किया जाएगा। सूर्या ने कहा, फिल्म सोरारई पोटरू को जो प्रशंसा और प्यार मिला, वो अविश्वसनीय है। जिस क्षण मैंने फिल्म की कहानी सुनी थी, तभी मैंने सोच लिया था कि यह फिल्म पैन इंडिया लेवल पर बननी चाहिए। फिल्म की आत्मा ही ऐसी है। फिल्म का पहले से ही हिन्दी में डब्ड वर्जन उड़ान नाम से उपलब्ध है। सोरारई पोटरु में सूर्या और परेश के अलावा अपर्णा बालामुरली मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म एक ऐसे गरीब शख्स की कहानी है, जो खुद की एयरलाइन कंपनी खोलना चाहता है। एक गरीब परिवार का लड़का अपना सपना पूरा करने के लिए सब कुछ दांव पर लगा देता है। परेश ने एक बिजनेसमैन का किरदार निभाया है, जो सूर्या के रास्ते में रुकावट पैदा करता है। रिपोर्ट की मानें तो सोरारई पोटरु की हिन्दी रीमेक में अहम भूमिका के लिए कई दिग्गज कलाकारों को अप्रोच किया जा सकता है।

क्या संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म में साथ दिखेंगे कार्तिक आर्यन और दीपिका?

अभिनेता कार्तिक आर्यन के सितारे बुलंदियों पर हैं। उन्हें इस साल कई फिल्मों का ऑफर मिल चुका है। वहीं, मशहूर अभिनेत्री दीपिका पादुकोण भी मौजूदा दौर की व्यस्त अभिनेत्रियों की सूची में शामिल हैं। पिछले साल कार्तिक के जन्मदिन के मौके पर दीपिका ने अभिनेता के साथ काम करने की इच्छा जतायी थी। अब लगता है कि दीपिका की मुराद जल्द पूरी हो सकती है। ऐसी अफवाहें हैं कि ये दोनों कलाकार संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म में दिखेंगे। रिपोर्ट की मानें तो कार्तिक और दीपिका को शुक्रवार को निर्देशक भंसाली की ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया था। बताया जा रहा है कि ये दोनों कलाकार एक मीटिंग के लिए उनके ऑफिस पहुंचे थे। दीपिका और कार्तिक के भंसाली के जुहू ऑफिस के बाहर दिखने के बाद बॉलीवुड गलियारों में कयासों का बाजार गर्म हो गया है। खबरों की मानें तो ये दोनों कलाकार फिल्म के सिलसिले में बातचीत करने पहुंचे थे। ऐसी चर्चा है कि दीपिका और कार्तिक ने अभी तक फिल्म को साइन नहीं किया है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द फिल्म की घोषणा होगी। पिछले साल कार्तिक को जन्मदिन की बधाई देते हुए दीपिका ने अपने पोस्ट में लिखा था, जन्मदिन मुबारक हो। क्या हम साथ में एक मजेदार फिल्म साइन कर सकते हैं।

दीपिका के इस कमेंट पर कार्तिक ने जवाब दिया था, आप बस डेट्स तैयार रखो। फन और फिल्म मैं ला रहा हूं। कुछ महीने पहले खबरें आई थीं कि ये दोनों कलाकार इम्तियाज अली के साथ फिल्म में काम करने वाले हैं। दीपिका ने इम्तियाज के साथ तमाशा और लव आज कल में काम किया है। इम्तियाज से जब पूछा गया कि क्या वह अपनी अगली फिल्म में कार्तिक के साथ दीपिका को लेने वाले हैं, तब उन्होंने इसे अफवाह बताया था। उन्होंने कहा था, मैंने उनसे कुछ भी बात नहीं की है, लेकिन उम्मीद है कि कुछ होगा। फिल्म 83 में दीपिका क्रिकेटर कपिल देव की पत्नी रोमा देव की भूमिका में नजर आएंगी। वह मधु मंटेना की फिल्म महाभारत में द्रौपदी की भूमिका में नजर आ सकती हैं। वह द इंटर्न की हिन्दी रीमेक में भी दिखेंगी। कार्तिक अनीस बाज्मी की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 2 में नजर आएंगे। फिल्म में वह कियारा आडवाणी के साथ अभिनय करते दिखेंगे। वह साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म आला वैकुंठापुरामुलू की हिन्दी रीमेक में भी दिखेंगे।

सेहत के लिए बहुत लाभदायक है आंवले का तेल, जानिए इसके फायदे

आंवले के स्वाद और पौष्टिक गुणों से तो लगभग हर कोई वाकिफ है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसका तेल भी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक सिद्ध हो सकता है। इसका मुख्य कारण यह है कि ये एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों के साथ-साथ कई खास यौगिकों से समृद्ध होता है। कई शोध भी इस बात की ओर इशारा करते हैं कि इस तेल का इस्तेमाल स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है। चलिए फिर आपको इसके कुछ फायदों के बारे में बताते हैं।

एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों का अच्छा स्रोत

एक शोध के अनुसार, आंवले का तेल एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों का बेहतरीन स्त्रोत होता है। एंटी-ऑक्सीडेंट गुण शरीर को मुक्त कणों से बचाने में मदद करते हैं। मुक्त कणों के कारण ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस होता है जिससे कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह, अल्जाइमर और नेत्र रोग जैसी कई बीमारियों का जोखिम बढ़ सकता है। इसलिए आंवले के तेल का इस्तेमाल सेहत के लिए लाभदायक है।

बालों के स्वास्थ्य के लिए है कारगर

बालों के स्वास्थ्य के लिए भी आंवले के तेल का इस्तेमाल बहुत कारगर है। एक शोध के मुताबिक, आंवले के अर्क में एंटी-फंगल प्रभाव पाया जाता है जो डैंड्रफ पैदा करने वाले मालासेजिया फरफर फंगस को नष्ट करने में मदद कर सकता है। आंवले के अर्क से ही आंवले का तेल बनाया जाता है। एक अन्य शोध के अनुसार, आंवले का तेल बालों के विकास को बढ़ावा देकर इनके स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में करता है मदद

हृदय को स्वस्थ रखने में कोलेस्ट्रॉल की अहम भूमिका होती है। अगर खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ा हुआ हो तो यह हृदय रोगों के जोखिम पैदा कर सकता है। आंवले का तेल एचडीएल यानि अच्छे कोलेस्ट्रॉल को कम किए बिना खराब कोलेस्ट्रॉल यानि एलडीएल के स्तर को कम कर सकता है। एक शोध के मुताबिक, इसका मुख्य कारण यह है कि आंवले के तेल में बीटा-साइटोस्टेरॉल नामक एक खास तत्व मौजूद होता है।

एक शोध के मुताबिक, आंवले का तेल शरीर की सूजन को दूर करने में भी सहायक हो सकता है। शोध की मानें तो इस तेल में मौजूद सेलेनियम सूजन को कम करने में मुख्य भूमिका निभा सकता है। दरअसल, यह खनिज एंटी-इंफ्लेमेटरी की तरह काम करता है। इस कारण यह सूजन को कम करने के साथ-साथ रक्त संचार में सुधार करने में भी सहायक साबित हो सकता है।

तारा सुतारिया को सताती है घर की याद

ऐसा लगता है कि बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया को अपने घर की याद बेहद सताती है। इसकी एक झलक उनके सोशल मीडिया पर नवीनतम अपडेट से मिलती है। तारा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर पोस्ट की। फोटो में पूरी तरह से सजी हुई डाइनिंग टेबल नजर आ रही है। अभिनेत्री, जो वर्तमान में एक विलेन 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं, उन्होंने फोटो पर कैप्शन दिया, मिसिंग होम एंड लंच एंड डिनर ट्गेदर। एक विलेन 2 2014 में आई फिल्म एक विलेन का सीक्वल है। यह एकता कपूर और भूषण कुमार द्वारा सह-निर्मित है। सीक्वल में जॉन अब्राहम, दिशा पटानी और अर्जुन कपूर मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म अगले साल 11 फरवरी को रिलीज होने वाली है। उसके अलावा उनके पास मिलन लुथरिया द्वारा निर्देशित तड़प भी है। यह फिल्म तेलुगु हिट आरएक्स 100 की रीमेक है। फिल्म तारा सुनील शेट्टी के बेटे अहान के साथ नजर आएंगी, जो इस फिल्म से बॉलीवुड में अपनी शुरूआत करने जा रहे हैं। तारा टाइगर श्रॉफ के साथ हीरोपंती 2 भी नजर आएंगी जिसका निर्देशन कोरियोग्राफर-निर्देशक अहमद खान करेंगे।

विपक्षी एकजुटता के मायने

नीतीश कुमार की तरह ममता बनर्जी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के विजय रथ को रोकने के लिए विपक्षी एकजुटता का आह्वान किया है। हालांकि, उन्होंने पश्चिम बंगाल में ही वर्षों तक राज करने वाली लेफ्ट पार्टियों के साथ-साथ कांग्रेस से भी परहेज किया है। ममता जब विपक्षी एकता की बात कर रही थीं तो उन्होंने सिर्फ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव का नाम लिया। ममता बनर्जी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के लिए जिन विपक्षी दलों के साथ हाथ मिलाने की बात कही है, उनका जनाधार अपने राज्यों के बाहर नहीं है। भाजपा भी लगातार यह बात कहती आ रही है कि किसी एक राज्य में तो महागठबंधन का फार्मूला चल सकता है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर इसकी व्यावहारिकता नहीं दिखती है। ममत बनर्जी, नीतीश कुमार, अखिलेश यादव और हेमंत सोरेन जैसे नेता अगर चुनाव से पहले एक गठबंधन बना भी लें तो इससे भाजपा की ताकत कमजोर नहीं होने वाली है। ऐसा इसलिए कि झारखंड में हेमंत सोरेन जरूर मजबूत हैं, लेकिन वहां ममता बनर्जी या अखिलेश यादव का कोई जनाधार नहीं है। ऐसे ही यूपी में अखिलेश यादव के पास अपने वोट बैंक है, लेकिन यहां ममता बनर्जी, नीतीश कुमार और हेमंत सोरेन जैसे नेताओं का आधार नहीं है। हालांकि, लोकसभा चुनाव के परिणाम में अगर भाजपा पिछड़ती है तो इनके साथ आने पर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद की कुर्सी से दूर हो सकते हैं। मगर ऐसा हो पाना अभी तो नामुमकिन है। ममता बनर्जी ने टीएमसी नेताओं और कार्यकर्ताओं के अपने संबोधन में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का तो नाम लिया, लेकिन उन्होंने लालू यादव का नाम लेने से परहेज किया, जो कि आरजेडी के मुखिया हैं। बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू इन दिनों आरजेडी के सहयोग से सत्ता चला रही है। कांग्रेस का भी इसमें साथ है। इस महागठबंधन में आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी है। दोनों ही दलों को बिहार से बाहर कोई ठोस जनाधार नहीं है। जेडीयू के अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में कुछ विधायक जरूर जीतते हैं, लेकिन हिंदी पट्टी में उनकी स्थिति कोई अच्छी नहीं है। आरजेडी का पूरा फोकस बिहार पर ही केंद्रित रहा है। झारखंड बंगाल का पड़ोसी राज्य है। ममता बनर्जी ने हेमंत सोरेन के साथ गठबंधन की तो बात कही है, लेकिन कांग्रेस का अभी तक नाम नहीं लिया है। जेएमएम इन दिनों कांग्रेस के साथ मिलकर झारखंड में सरकार चला रही है। ऐसे में यहां वैसे भी ममता के जेएमएम से गठबंधन के आसार नहीं बन रहे हैं। हेमंत सोरेन को अपने पाले में करने के लिए ममता बनर्जी पूरी कोशिश कर रही है। हाल ही में ममता बनर्जी ने दावा किया कि हाल ही में बंगाल पुलिस ने झारखंड के विधायकों को बहुत अधिक नकदी के साथ गिरफ्तार करके पड़ोसी राज्य में खरीद-फरोख्त को रोका और हेमंत सोरेन सरकार को गिरने से बचाया। झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार का हिस्सा रही कांग्रेस ने दावा किया है कि भाजपा विधायकों को 10-10 करोड़ रुपए और मंत्री पद की पेशकश करके हेमंत सोरेन सरकार को गिराने की कोशिश कर रही थी। ऐसे में यह कहना सियासी रूप से जल्दबाजी होगी कि अलग-अलग राज्यों के बड़े नेताओं के एकसाथ आने से 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन पर कोई असर पड़ेगा।

मज़बूत विपक्ष देश की सबसे बड़ी ज़रुरत

निर्मल रानी

वैसे तो राजनीति शास्त्र के अनुसार लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता पर नकेल कसने के लिये विपक्ष का मज़बूत होना बहुत ज़रूरी है। अन्यथा सत्ता के पक्ष में आया प्रचंड बहुमत और साथ साथ विपक्ष का बिखरा व कमज़ोर होना सत्ता को अहंकारी व बेलगाम कर सकता है। यहाँ तक कि तानाशाही के रास्ते पर भी ले जा सकता है। पूर्व में भारत की राजनीति में पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर राजीव गाँधी,अटल बिहारी बाजपाई व मनमोहन सिंह के शासनकाल तक में यह देखा गया है कि जहां मज़बूत विपक्ष अपनी रचनात्मक भूमिका निभाता आया है वहीँ सत्ता द्वारा भी विपक्ष को पूरा मान सम्मान दिया जाता रहा है और संसद में उसे अपनी बात कहने व सुझाव अथवा कोई आवश्यक संशोधन पेश किये जाने का अवसर दिया जाता रहा है। परन्तु 2014 के बाद देश की राजनीति में एक बड़ा परिवर्तन देखा जा रहा है। %डबल इंजन की सरकार % के नाम पर राज्यों में सक्रिय दलों को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस मुक्त भारत जैसा ग़ैर लोकतान्त्रिक नारा देकर मुख्य विपक्षी दल को समाप्त करने की साज़िश रची जा रही है। विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं को या तो पद अथवा पैसों की लालच देकर ख़रीदा जा रहा है या ई डी,सी बी आई व इनकम टैक्स जैसे विभागों का भय दिखाकर उन्हें अपने पक्ष में किया जा रहा है। क्या तमाशा है कि विपक्षी दलों में रहकर ई डी,सी बी आई व इनकम टैक्स से डरने वाला नेता जब सत्ता के पक्ष में आ जाता है तो वह भय मुक्त हो जाता है ? यानी भ्रष्टाचारी का %गंगा स्नान% हो जाता है। हद तो पिछले दिनों उस समय हो गयी जबकि यू पी ए की चेयरपर्सन व कांग्रेस अध्यक्ष जैसे पदों पर रही सोनिया गाँधी व कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष राहुल गाँधी को ई डी के दफ़्तर में बार बार बुला कर उन्हें नीचा दिखाने व उनका मनोबल तोड़ने की कोशिश की गयी। आज देश में मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में तोड़ फोड़,ख़रीद फ़रोख़्त या ई डी का भय दिखाकर बनाई जाने वाली सरकारें चल रही हैं।

बहरहाल,विपक्ष को समाप्त करने की सत्ता की इन कोशिशों के मध्य एक बार फिर विपक्ष को एकजुट करने की कोशिशें तेज़ हो गयी हैं। इस बार विपक्षी एकता की धुरी बने हैं बिहार के मुख्य मंत्री नितीश कुमार।अकाली दल और शिव सेना की ही तरह नितीश कुमार के जे डी यू का भी भारतीय जनता पार्टी के साथ एन डी ए का हिस्सा बनने का लंबा अनुभव था। परन्तु जब उन्हें यह एहसास होने लगा कि भाजपा अपने %विपक्ष मिटाओ % विशेषकर क्षेत्रीय दल मिटाओ अभियान के तहत जे डी यू को भी निगलने की फ़िराक़ में है। तभी उनकी आँखें खुलीं और वे भाजपा से नाता तोड़ कर %भाजपा भगाओ% मुहिम के सूत्रधार बन बैठे। पिछले दिनों विपक्ष को एकजुट करने के अपने इसी अभियान के तहत नितीश कुमार ने दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गाँधी,सीता राम येचुरी,अरविन्द केजरीवाल,डी. राजा, मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव, ओम प्रकाश चौटाला, शरद यादव व एचडी कुमारस्वामी आदि नेताओं से मुलाक़ात की। वे भजपा विरोधी सभी दलों को राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट कर भाजपा के %अपराजेय % होने का भ्रम तोड़ना चाहते हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव भी राष्ट्रीय स्तर पर किसी ऐसे ही विपक्षी गठबंधन को आकार देने के प्रयास में हैं।

परन्तु इन नेताओं की कोशिशों से इतर कुछ नेता ऐसे भी हैं जिनकी नज़रें भाजपा को सत्ता से हटाने से ज़्यादा इस बात पर टिकी हैं कि किस तरह उनका प्रधानमंत्री बनना अथवा मुख्यमंत्री बनना सुनुश्चित हो सके। किस तरह उनके संगठन के विस्तार की निरंतरता बनी रही और वे एक राज्य के बाद दूसरे और दूसरे के बाद तीसरे फिर चौथे राज्य में अपना जनाधार बढ़ाते रहें। और इन्हीं में कुछ ऐसे दल भी हैं जो धर्मनिरपेक्षता की दुहाई भी देते हैं और साथ ही कांग्रेस को भी भाजपा जैसा ही अपना दुश्मन भी समझते हैं। ऐसे ही दल व उनके नेता ग़ैर भाजपा व ग़ैर कांग्रेस मोर्चे के गठन की बात करते हैं। जबकि हक़ीक़त यह है कि लाख कमज़ोर होने के बावजूद किसी भी विपक्षी दल के लिये कांग्रेस की अनदेखी कर पाना संभव नहीं है। चाहे वे समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव हों,बसपा की मायावती,आप के अरविंद केजरीवाल,तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी, ए आई आई एम के असदुद्दीन ओवैसी या भाजपा का सैद्धांतिक रूप से विरोध कर रहे और कोई संगठन। वर्तमान में इन सभी को अपनी निजी व अपने दलों की राजनैतिक महत्वाकांक्षाओं से ऊपर उठकर सोचने की ज़रुरत है। यदि यह दल व इनके नेता भाजपा को देश के लोकतंत्र के लिये यहाँ तक कि देश के संविधान व देश के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के लिये ख़तरा मानते हैं फिर किसी कांग्रेसयुक्त विपक्षी गठबंधन से पहले ही इन्हें अपने दल के पैर पसारने,अपनी गद्दी सुरक्षित करने जैसी चिंताएं आख़िर क्यों सताने लगती हैं।

विपक्षी एकता में बाधा बनने वाले तथा भाजपा की ही तरह कांग्रेस से भी भयभीत दिखाई देने वाले नेता व दल इस तथ्य की अनदेखी कृतई नहीं कर सकते कि इस समय राहुल गांधी ही देश के अकेले विपक्षी नेता हैं जो किसी ई डी व सी बी आई की परवाह किये बिना जनसरोकार के मुद्दों को लेकर सत्ता पर लगातार हमलावर हैं। पिछले दिनों दिल्ली के रामलीला मैदान में %महंगाई पर हल्ला बोल% जैसा विशाल व ऐतिहासिक आयोजन कर और अब कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा के द्वारा जो राष्ट्रीय प्रयास राहुल गाँधी व कांग्रेस द्वारा किये जा रहे हैं इस तरह का आयोजन कर पाना किसी भी कांग्रेस विरोधी क्षेत्रीय दल के बूते की बात नहीं। इसलिये यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि नितीश कुमार व के चंद्रशेखर राव जैसे नेताओं के विपक्षी एकता के लिये किये जा रहे प्रयासों में यदि कोई भी दल या नेता किसी तरह के किन्तु परन्तु का सहारा लेकर विपक्षी एकता में पलीता लगाने की कोशिश करता है तो इससे दो ही निष्कर्ष निकाला जा सकता है। या तो वह दक्षिणपंथी सांप्रदायिक शक्तियों की कठपुतली बनकर ऐसा कर रहा है या फिर उसे भी अपने किये गये दुष्कर्मों के चलते ई डी व सी बी आई का भय सता रहा है। अन्यथा सच तो यही है कि अनियंत्रित व अहंकारी सत्ता के इस दौर में राष्ट्रीय स्तर पर मज़बूत व एकजुट विपक्ष ही वर्तमान समय में देश की सबसे बड़ी ज़रुरत है।

क्या हैं आध्यात्मिक होने का अर्थ

यह प्रश्न किसी भी जिज्ञासु के मन में उठ सकता है कि हमें ठीक-ठीक ऐसा क्या करना चाहिए ताकि वह जो परम है, जो परमेश्वर है, वह मेरे जीवन में घटित हो सके? सदगुरु इसका उत्तर देते हैं कि अध्यात्म भीगी बिल्लियों के लिए नहीं है, क्या तुम समझ रहे हो? तुम अपने जीवन में और कुछ भी नहीं कर सकते हो, लेकिन सोचते हो कि मैं आध्यात्मिक हो सकता हूँ, ऐसा नहीं है। अगर तुम इस संसार के किसी भी काम को अपने हाथ में लेकर कर सकते हो, फिर तुम्हारे आध्यात्मिक होने की एक संभावना पैदा हो सकती है, अन्यथा नहीं। अगर तुम्हारे पास इस संसार के किसी भी काम को लेकर और अच्छी तरह से करने की शक्ति और साहस है, तब तुम संभवतः आध्यात्मिक हो सकते हो। यह उन लोगों के लिए नहीं है, जो कुछ भी नहीं कर सकते। अभी, पूरे देश के मन में यही बैठा हुआ है, संभवतः पूरे संसार के मन में, कि वे निकम्मे और नालायक लोग, आध्यात्मिक लोग होते हैं, क्योंकि वे तथाकथित आध्यात्मिक लोग वैसे ही हो गए हैं। वे लोग जो किसी भी चीज को करने के लायक नहीं हैं, वे बस यही करते हैं कि एक गेरुआ वस्त्र पहन कर और किसी मंदिर के सामने बैठ जाते हैं; उनका जीवन सँवर जाता है। यह अध्यात्म नहीं है, यह वर्दी पहनकर बस भीख माँगना है। अगर तुम्हें अपनी चेतना पर विजय प्राप्त करनी है, अगर तुम्हें अपनी चेतना के शिखर पर पहुँचना है, वहाँ एक भिखारी कभी नहीं पहुँच सकता। दो तरह के भिखारी होते हैं। गौतम बुद्ध तथा उस स्तर के लोग उच्चतम श्रेणी के भिखारी हैं। दूसरे सभी निपट भिखारी हैं। मैं तो कहूँगा कि एक सड़क का भिखारी तथा राजगद्दी पर बैठा हुआ एक राजा, दोनों ही भिखारी हैं। वे निरन्तर बाहर से कुछ माँग रहे होते हैं।

हिंदुस्तान में ही उपेक्षित है हिंदी

आचार्य प्रशान्त

देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बावजूद देश की मातृभाषा हिंदी आज भी उपेक्षित है हिंदी भारतीयों की आम बोलचाल की भाषा क्यो नही बन पाई यह चिंतन का विषय है आज की युवा पीढ़ी अपनी मातृभाषा से विमुख होती जा रही है लोगो ने ऐसी धारणा बना ली है कि सरकारी नौकरी पानी हो या प्राइवेट नौकरी पानी हो, अंग्रेजी आनी चाहिए। अब सही-सही बताना उस प्राइवेट नौकरी में अंग्रेजी का काम क्या है बताओ?

जैसे ही कोई अपरिचित दिखाई देता है, तुरंत झरझर अंग्रेज़ी भाषा हमारे मुँह से बहने लगती है। भले बोलनी न आती हो, लिखनी न आती हो। ÷श्रीमान आप कैसे हैं?÷ ये बोलना बड़े अपमान की बात है । जिस व्यवस्था ने आम हिंदुस्तानी को मजबूर कर दिया अपनी भाषा की ओर पीठ फ़ेरने को और यह व्यवस्था, अंग्रेजों का षड्यंत्र नहीं थी और न ही यह व्यवस्था ऊपर आसमान से उतरी थी, यह हमारे नीति-निर्धारकों का काम था। और वो चीज़ हमारे दिमाग में इतनी गहरी उतर गई है, कि अगर अंग्रेजी न आती हो तो शर्मिंदगी महसूस होती है हीन भावना आने लगती है।

संस्कृत के अलावा हिंदी ही एक ऐसी भाषा है, जैसे लिखी जाती है, वैसे ही बोली जाती है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमत से हिंदी को राजभाषा का दर्जा तथा 1950 में संविधान के अनुच्छेद 343 (1) के द्वारा हिंदी को देवनागरी लिपि में राजभाषा का दर्जा दिया गया। आधुनिक संचार माध्यमों ने विश्व को एक ही मंच पर ला खड़ा किया है, हिंदी साहित्य को पढ़ा और खोजा जा रहा है, निश्चित ही हिंदी का प्रचार प्रसार बढ़ा है, विदेशों के कई विश्वविद्यालयों में हिंदी सम्मान के साथ पढ़ाया जा रहा है। हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी भाषा के प्रचार और प्रसार की जो हवाबाजी चलती है, उससे क्या हिंदी भाषा लोगों में ग्राह्य बन पाती है ? समाज में बदलाव बहुत तेजी के साथ हो रहे हैं, आज हम हिंदी के शब्दों को अंग्रेजी लिपि में लिख रहे हैं, हमें हिंग्लिश का विकल्प भी मिल गया है। शहर की तो बात छोड़िए, गांव के हर पारे टोले में इंग्लिश मीडियम स्कूल कुकुरमुत्ते की तरह उग आए हैं, इसके लिए हम सभी जिम्मेदार हैं। हिंदी और भारतीय अन्य भाषाएँ, जिन वर्गों की भाषाएँ हैं उनकी ख़ासियत कभी भी न तो सामरिक बल रहा है न भौतिक बल, उनकी ताकत हमेशा से %आध्यात्मिक बल% रहा है बात को समझना! हिंदी हो कि मराठी हो कि बंगाली हो कि पंजाबी हो इनको बोलने वाले की ताकत कभी इसमें नहीं रही कि वो दुनिया को फ़तह करने वाले योद्धा थे। भारतीय कभी किसी को फ़तह करने गए ही नहीं और न उनकी ताकत, उनका आत्मविश्वास, उनका स्वाभिमान इसमें रहा कि वो दुनिया के सबसे समृद्ध लोग थे। आप कह लो कि भारत कभी %सोने की चिड़िया% था। लेकिन भारत की आबादी भी हमेशा बहुत ज्यादा थी, तो प्रति व्यक्ति औसत आय ऐसा नहीं है कि भारत में ही, दुनिया में सबसे ज्यादा हुआ करती थी। जिन दिनों आप कहते हो कि भारत सोने की चिड़िया था, उन दिनों भी भारत का जो आम किसान था वह अधिक से अधिक उन दिनों के हिसाब से एक मध्यमवर्गीय जीवन ही जी रहा था। हाँ, उसके पास खाने को रोटी थी, सामान्य जीवन जीने के लिए जो न्यूनतम सुख सुविधाएँ चाहिए होती हैं वो सब थीं, लेकिन आप उसको समृद्ध नहीं कह सकते। भारत रहा होगा सोने की चिड़िया, भारत का आम किसान सोने-चाँदी में नहीं खेल रहा था। तो आप यह भी नहीं कह सकते कि भारतीयों की ताकत कभी भौतिक बल थी, धन बल थी। न सामरिक बल न धनबल तो फिर भारतीयों की ताकत, भारतीयों की पहचान सदा किससे रही है? आध्यात्मिक बल से। वही जिसको आप सामान्य भाषा में कहते हो कि ÷भारत विश्व गुरु था। भारत की पहचान रहा है धर्म, भारत की पहचान रही है भारतीयों की जीवन के प्रति समझ और गहराई। ज़िंदगी को जितना हिंदुस्तान में जाना करीब से और गहराई से उतना अन्य लोगों ने जानने में रुचि नहीं दिखाई न उतनी साधना करी। भारतियो ने घनघोर साधना करी है। विदेशी भी यहाँ आए तो बोले कि ÷यहाँ की मिट्टी में अध्यात्म है, यहाँ का आम किसान अनपढ़ भले हीं हो, आध्यात्मिक ज़रूर है, वो बिना पढ़े-लिखे हीं आध्यात्मिक है। कुछ बातें ऐसी हैं जो यहाँ के आम किसान को भी पता हैं और बाहर के पढ़े-लिखे, दार्शनिकों को भी आसानी से समझ नहीं आती। तो भारत की पहचान रही है - धर्म। इस दूसरे बिंदु की चर्चा शुरु करी है यह कह कर के ÷कि भाषा संस्कृति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ होता है।

विपक्ष में प्रधानमंत्री पद को लेकर रस्साकशी

कुमार कृष्णन

2024 में दो साल बांकी है। इस साल लोकसभा चुनाव होने हैं। अभी से ही विपक्ष में प्रधानमंत्री पद को लेकर रस्साकशी शुरू हो गई है। विपक्ष एकजुट होकर पीएम मोदी का मुकाबला करेगा या फिर 2019 की तरह ही बिखरा होगा, यह सबसे बड़ा सवाल बना हुआ है। हाल ही में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन छोडक़र राष्ट्रीय जनता दल के साथ बिहार में सरकार बनाने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष को एकजुट करने की मुहिम शुरू की है। नीतीश कुमार के अलावा तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अलावा कई चेहरे अभी पर्दे के पीछे से अपनी राजनीतिक बिसात बिछाने में लगे हुए हैं।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव पिछले दिनों बिहार आए थे। जाहिर है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनकी मुलाकात तय थी। आजकल ऐसी मुलाकातें सियासी तौर पर महत्त्वपूर्ण हैं, क्योंकि 2024 के आम चुनाव के मद्देनजर विपक्ष का महागठबंधन बनाया जाना है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इन दिनों दिल्ली की यात्रा पर गए?और राहुल गांधी व अन्य नेताओंसे मुलाकात की। उनकी इस यात्रा को प्रधानमंत्री पद की दौड़ का ही हिस्सा माना जा रहा है। हालांकि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनने की इच्छा से इनकार करते रहे हैं ।?नीतीश कुमार को पहले ही शरद पवार, उद्धव ठाकरे, सीताराम येचुरी और अन्य लोगों से बहुत उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल चुकी है। ऐसे में नीतीश कुमार इन दिनों कुछ?अधिक सक्रिय दिख रहे हैं।

जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना स्थित पार्टी मुख्यालय पहुंचे थे तो यहां उनके समर्थकों ने दिल का प्रधानमंत्री कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो के नारे लगाए। इतना ही नहीं उनकी पार्टी ने अपने दफ्तर और पटना की सडक़ों पर बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगवाए हैं, जिसके जरिए उनकी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा को जनता तक ले जाने की कोशिश की जा रही है। इन बैनरों पर लिखा है- बिहार में दिखा, भारत में दिखेगा। नीतीश कुमार ने विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं से भी बात होने की बात कही। नीतीश कुमार की इस अपील का ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस बेखबर है। तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि 2024 का चुनाव अकेले लड़ेगी और भाजपा को सत्ता से बेदखल करेगी। ऐसे में महागठबंधन के नेतृत्व पर भी विमर्श स्वाभाविक है। नीतीश की एक हुंकार तो सार्वजनिक हुई है-'इस बार थर्ड नहीं, मेन फ्रंट होगा।' दरअसल एक काव्यांश है कि पीएम पद की उत्कट ऐसी कि न कही जाए, न सही जाए।' लिहाजा आजकल ऐसी उत्कटें करवटें लेने लगी हैं। नीतीश ने मुख्यमंत्री पद की नई शपथ ली थी, तो उसके बाद उन्होंने कहा था कि देश भर से उन्हें फोन आ रहे हैं। उनकी जो भी व्याख्या की जाए, कमोबेश वे सभी फोन नीतीश को प्रधानमंत्री प्रत्याशी तय करने के लिए नहीं किए गए थे। इसकी बानगी चंद्रशेखर राव के साथ उनकी साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सामने आई।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने बिहार के मुख्यमंत्री की राजनीतिक समझ और सरकार के कार्यों की सराहना तो की, लेकिन प्रधानमंत्री पद के लिए नीतीश की दावेदारी और उम्मीदवारी का एक बार भी समर्थन नहीं किया। चूंकि सवालों की बौछार थी, लिहाजा नीतीश बार-बार कन्नी काटते रहे और जाने को खड़े भी हो गए, लेकिन चंद्रशेखर राव लगातार उन्हें बैठने का आग्रह करते रहे। प्रस्तावित महागठबंधन में कांग्रेस और राहुल गांधी की भूमिका क्या होगी, यह सवाल निरंतर अनुत्तरित छोड़ा गया। हालांकि बाद में कांग्रेस प्रवक्ता स्पष्ट करते रहे कि कांग्रेस विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी है। सबसे ज्यादा राज्यों में उसके 'नेता प्रतिपक्ष' भी हैं, लिहाजा विपक्ष को कोई जनादेश मिलता है, तो राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री होंगे। चंद्रशेखर राव का उदाहरण तो सामने है। ममता बनर्जी, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन, डा. फारूक अब्दुल्ला और वामपंथी दलों की ओर से, नीतीश के पक्ष में, एक भी बयान नहीं आया है। लगातार दोहराया जाता रहा है कि विपक्षी दलों की बैठक होगी और सभी मिल कर तय करेंगे कि इस बार महागठबंधन 'मेन फ्रंट' साबित कैसे हो सकता है? इसी दौरान शरद पवार ने कहा है कि विपक्षी गठबंधन 'साझा न्यूनतम कार्यक्रम' के आधार पर बनाया जा सकता है। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने कहा है कि उनकी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनावों में अकेले उतरेगी।

सूडोकु नवताल- 6192

★☆☆☆☆ सरल

8	5			3		6	1	
6	7		9		4		2	
2					1			4
	3	9			7			
	6	2		8		4	7	
			6			9	3	
3			5					7
	4		1		6		8	3
	8	5		7			9	6

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल 6191 का हल

6	3	7	2	1	5	4	8	9
9	8	4	3	7	6	5	2	1
2	5	1	9	4	8	7	3	6
3	6	8	5	9	7	1	4	2
7	2	9	4	8	1	6	5	3
4	1	5	6	3	2	8	9	7
5	7	6	8	2	9	3	1	4
8	4	2	1	6	3	9	7	5
1	9	3	7	5	4	2	6	8

क्रांतिकारी साधु स्वरूपानंदजी

डॉ वेदप्रताप वैदिक

स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के निधन पर सारे देश का ध्यान गया है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसके बावजूद कि स्वरुपानंदजी नरेंद्र मोदी की कई बार कड़ी आलोचना भी करते रहे हैं। यह मोदी की उदारता तो है ही लेकिन स्वरूपानंदजी के व्यक्तित्व की यह खूबी भी थी कि वे जो भी आलोचना या सराहना करते थे, उसके पीछे उनका अपना कोई राग-द्वेष नहीं था लेकिन उनकी अपनी राष्ट्रवादी दृष्टि थी। उन्हें जो ठीक लगता था, वह वे बेधड़क होकर बोल देते थे। मेरा-उनका आत्मीय संपर्क 50 साल से भी ज्यादा पुराना था। उनके गुरू करपात्रीजी महाराज और स्वामी कृष्णबोधाश्रम जी मेरी पत्नी वेदवती वैदिक को उपनिषद् पर पीएच.डी. के अनुसंधान में मार्गदर्शन किया करते थे। मेरे ससुर रामेश्वरदासजी द्वारा निर्मित साउथ एक्सटेंशन के धर्मभवन में मेरी पत्नी और स्वरूपानंदजी साथ-साथ इन महान विद्वानों से शिक्षा ग्रहण किया करते थे। वे वेदवती को अपनी बहन मानते थे। स्वरूपानंदजी ने अपने अंतिम समय तक मुझसे संबंध बनाए रखा। अभी दो-तीन साल पहले बड़े आग्रहपूर्वक उन्होंने जबलपुर के पास नरसिंहपुर में स्थित अपने आश्रम में मुझे बुलाया था। मेरा करपात्री महाराज और रामराज्य परिषद के नेताओं से बचपन में घनिष्ट संबंध रहा है। स्वरूपानंदजी भी रामराज्य परिषद में काफी सक्रिय रहे हैं। वे उसके अध्यक्ष भी थे। रामराज्य परिषद राष्ट्रवाद को मानती थी लेकिन हिंदुत्व को नहीं। वह कहा करते थे अरे, हिंदू तो रावण और कंस भी थे। रामराज्य में तो सब बराबर होते हैं। एराक में जब मस्जिदें गिराई गईं तब रामलीला मैदान में मुसलमानों की सभा में स्वामीजी पहुंचे हुए थे। 2002 में गुजरात में हुए दंगों का भी उन्होंने दो-टूक विरोध किया था। उन्होंने समान आचार संहिता, गोरक्षा अभियान, राम मंदिर आदि कई मामलों में अटलजी का डटकर समर्थन किया था। लेकिन शिरडी के सांई बाबा के विरुद्ध उनका अभियान इतना सफल रहा कि उनके भक्त उनका शताब्दि समारोह नहीं कर सके। वे कोरे धर्मध्वजी और भगवाधारी संन्यासी भर नहीं थे। उन्होंने 18 साल की आयु में जेल काटी। वे 1942 में स्वाधीनता आंदोलन के तहत सत्याग्रह करते हुए पकड़े गए थे। 1950 में उन्होंने संन्यास ले लिया और 1981 में वे शंकराचार्य की उपाधि से विभूषित हुए। मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में जन्मे इन स्वामीजी का पहला नाम पोथीराम उपाध्याय था। लेकिन उनके पांडित्य और साहस की ध्वजा उनके युवा-काल से ही फहराने लगी थी। लोग उन्हें 'क्रांतिकारी साधु' कहा करते थे। वे द्वारका शारदापीठ और बद्रीनाथ की ज्योतिष पीठ के भी शंकराचार्य रहे।

ये है सबसे ज्यादा जीने योग्य शहर जिंदगी में एक बार जरूर जाएं यहां



हर इंसान की चाहत होती है कि वह देश-दुनिया की हर उस खूबसूरत जगह पर जाए और खूबसूरत जगहों का आनंद ले। अगर आप भी ट्रिप प्लान कर रहे हैं तो हम आपको एक ऐसे शहर के बारे में बताने जा रहे हैं दुनिया के रहने के लिए सबसे अच्छा है। इस Most Livable City का रहन-सहन , लोगों की खुशहाली, साफ हवा-पानी, मकान आदि सब बातें बाकी शहरों से बिल्कुल अलग है

इकोनॉमिस्ट की एक वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना दुनिया के सबसे अधिक रहने योग्य शहरों में से एक है। दस शीर्ष शहरों में वियना, मेलबर्न, ओसाका, कैलगरी, सिडनी, वैंकूवर, तोक्यो, टोरंटो, कोपेनहेगन और एडिलेड शामिल हैं। कहा जाता है ककि ऑस्ट्रिया की यह राजधानी वास्तुकला के चमत्कारों और रत्नों से भरी हुई है। अगर आप यहां घूमने

जाना चाहती हैं तो यहां (चर्च), (खाने का बाज़ार), (म्यूजियम), (आर्ट और म्यूजिक के लिए), (ओपेरा देखने के लिए), (पास के जंगल ट्रेकिंग के लिए) यहां जाना मत भूलें। वियना में करीब 60 फीसदी लोगों के पास सस्ते और अच्छे मकान है। यहां एक साल का ट्रांसपोर्ट पास महज 1 यूरो में मिल

जाएगा। इस शहर की खास बात यह है कि ये प्रकृति की गोद में बसा हुआ है। यहां कई जगह अंगूर के बाग देखने को मिल जाएंगे। यहां आने वाले पर्यटकों को वाइन और लजीज खाना वर्षों तक याद रहता है। यूरोप के

अधिकतर शहरों में हॉस्टल सिस्टम है। यहां 800-1000 रुपए प्रति रात के रेट पर आपको रहने की जगह मिल जाएगी। विएना में शहर के बाहरी इलाकों में टेंट की सुविधा उपलब्ध

इस बार इटली में बिताएं मानसून की छुट्टियां स्वादिष्ट खाने के साथ इन जगहों पर भी जाएं

ट्रेवलिंग एक ऐसा अनुभव है, जिसे हर कोई महसूस करना चाहता है। समय मिलते ही सब अपनी मनपसंदीदा जगहों पर घूमने के लिए जाते हैं। लेकिन बात यहां पर आकर रुक जाती है कि ऐसी कौन सी जगह वेकेशन्स के लिए अच्छी रहेगी। अगर आप इस बार भारत से बाहर कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं तो इटली आपके लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन साबित होगा। इटली के शानदार और ऐतिहासिक स्मारक, खूबसूरत कलाकृतियां और अभूतपूर्व आर्किटेक्चर आपका दिल मोह लेंगे। तो चलिए बताते हैं कि आप इटली में किन जगहों की सैर कर सकते हैं।

कोलोसियम रोम

आप रोम में मौजूद कोलोसियम रोम अखाड़े में घूमने जा सकते हैं। इस अखाड़े का निर्माण फ्लेवियन के राजा वेस्पसीयन ने 72 सदी में शुरु किया था। राजा वेस्पीयन के द्वारा शुरु किए गए इस अखाड़े का पूरा उनके पुत्र टाइटस ने 80वीं सदी में किया था। इस अखाड़े में 50,000 से भी ज्यादा पर्यटक एक साथ प्रदर्शन देख सकते हैं। इस इमारत में प्रवेश करने के लिए 80 द्वार बनाए गए हैं।

ग्रांड कैनाल वेनिस

अगर आप अपने पार्टनर के साथ पहली बार घूमने जा रहे हैं तो आप ग्रांड कैनाल वेनिस में जा सकते हैं। यह इटली के बहुत ही खास पर्यटनों स्थलों में से एक है। यहां पर ग्रैंड कैनाल नाम का एक जलमार्ग है जिसके कारण इस शहर को द सिटी ऑफ वाटर के नाम से जाना जाता है।

जगह को पहचाना जाता है। आप यहां पर घुड़ सवारी का मजा ले सकते हैं। यह घुड़ स्वारी साल में दो बार यहां पर आयोजित की जाती है।

पॉम्पी

यह शहर इटली के दक्षिण पूर्व दिशा में स्थित है। यह शहर सालों साल पहले हुए ज्वालामुखी विस्फोट के कारण यह शहर एक खंडहर के रुप में बदल गया

था। इस विस्फोट के कारण सारा शहर राख में दब गया था। हर साल इस शहर में 25 लाख से भी ज्यादा पर्यटक घूमने के लिए आते हैं।

पियाजा डेल केम्पो सिएना

अपनी सुंदरता के कारण पियाजा डेल केम्पो पूरी दुनिया में मशहूर है। यह इटली के सिएना में स्थित है। टक्सनी के ऐतिहासिक केंद्र के रुप में भी इस

इटली का स्वादिष्ट खाना

खाना हर किसी की जगह का बहुत ही स्वादिष्ट होता है। आप इटली का स्वादिष्ट खाना चख सकते हैं। पिज्जा, बॉटर्गा, लासागना, फियोरेंटिना स्टेक, रिबोलिटा, पोलेंटा, ओसेबुको, रिसोट्टो, कार्बोनारा, ट्रूफल्स जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों

5 ऐसे द्वीप जहां नहीं लगता कोई बीजा-बिना फीस दिए मिल जाती है एंट्री

विदेश में घूमने के लिए सबसे जरूरी पासपोर्ट और फिर वीजा होता है। लेकिन दुनिया में ऐसे कई देश हैं, जहां वीजा ऑन अराइवल की सुविधा उपलब्ध होती हैं, तो कहीं वीजा की जरूरत नहीं पड़ती। ऐसे ही, दुनिया में कई आइलैंड हैं, जहां वीजा की आवश्यकता नहीं पड़ती। आपको बताते हैं 5 ऐसे द्वीपों के बारे में जहां ऑन अराइवल पर वीजा प्राप्त कर सकते हैं।

फिजी

इस द्वीप राष्ट्र ने अपनी आकर्षक सुंदरता की वजह से लोगों के बीच काफी प्रसिद्धि हासिल की है। यहां भारतीयों को चार महीने तक रहने के लिए किसी भी तरह के वीजा को बनवाने की जरूरत नहीं है। बस आपको टिकट दिखाना होगा, बैंक की डिटेल्स देनी होगी, कहां रह रहे हैं उसका प्रूफ देना होगा और एक पासपोर्ट कॉपी देनी होगी, जो यहां आने की तारीख के बाद छह महीने वैध तक है। यहाँ की मुद्रा फ़िजी डॉलर है।

तुवालू

तुवालू की राजधानी बैआकू है, इसके निकटवर्ती देश किरिबाती, समोआ और फिजी हैं।तुवालू जाने से आप वीजा संबंधी परेशानियों से भी बच सकते हैं। यहां आपको केवल ठहरने का प्रूफ, और एक पासपोर्ट दिखाना होगा, जो प्रवेश की तारीख से कम से कम छह महीने के लिए वैलिड होगा।

मालदीव

मालदीव जनसंख्या और क्षेत्र, दोनों ही प्रकार से एशिया का सबसे छोटा देश है। यहां भारतीय बिना वीजा के भी घूमने के लिए जा सकते हैं। बस आपके पास एक वैलिड पासपोर्ट होना चाहिए, साथ ही बैंक खाते की स्टेटमेंट होनी चाहिए। इसके अलावा कहां ठहर रहे हैं, जैसा प्रूफ भी आपके पास होना चाहिए।

मॉरीशस

मॉरीशस को दुनिया के सबसे खूबसूरत देशों में गिना जाता है। सफेद रेत के समुद्र तटों, रोमांचकारी लंबी पैदल यात्रा, प्राचीन समुद्र तटों और वनस्पतियों और जीवों की एक विस्तृत श्रृंखला इस जगह को बेहद शानदार बनाते हैं। ये जगह रहने के लिहाज से भी बेस्ट है। आप बिना वीजा यहां घूमने के लिए जा सकते हैं। वैध वीजा के साथ, आप वहां 90 दिनों तक भी रह सकते हैं।

त्रिनिदाद और टोबैगो

ये द्वीप देश ट्विन्स आइलैंड त्रिनिदाद और टोबैगो के लिए जाना जाता है। ये द्वीप ग्रेनाडा के दक्षिण की ओर स्थित है। यहां आने के लिए आपको बस अराइवल की तारिख से जाने तक 6 महीना का वैलिड पासपोर्ट होना चाहिए, साथ ही पर्याप्त स्वास्थ्य बीमा, वैलिड ट्रिप की टिकट होना चाहिए।

पहाड़ी इलाके में बिताना चाहते हैं वेकेशन्स तो धर्मशाला की करें सैर

प्राकृतिक नजारों से ढका हुआ हिमाचल का खूबसूरत और मनमोहक दृश्य पर्यटकों का दिल लुभा लेता है। हर साल लाखों की कगार में लोग इसकी सुंदरता का आनंद लेने आते हैं। ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और लुभावना दृश्य हर को बहुत ही पसंद आता है। आप हिमाचल के धर्मशाला में इस बार मानसून की वेकेशन्स बीता सकते हैं। यह एक हिल स्टेशन है और समुद्र तल से करीबन 1475 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। तो चलिए आपको बताते हैं कि आप धर्मशाला में किन-किन जगहों की सैर कर सकते हैं...

शांत और पुराना हिल स्टेशन

हिमाचल के कांगड़ा जिले में मौजूद धर्मशाला बहुत ही शांत और पुराना हिल स्टेशन है। इसकी खूबसूरती देखे हर साल कई लोग आते हैं। लाखों सैलानी इस देशविदेश से इस खूबसूरत जगह की सैर करने आते हैं। समुद्र तल से इस शहर की ऊंचाई 1475 मीटर है। आप भी इस बार की वेकेशन धर्मशाला में बिताने का प्लान बना सकते हैं।

वार मेमोरियल



आप धर्मशाला में वाप मेमोरियल युद्ध स्मारक देख सकते हैं। यह स्मारक देवदार के जंगलों में स्थित है और शहर के बिल्कुल पास में है। इस युद्ध स्मारक का निर्माण अंग्रेजों ने करवाया था। जिन लोगों ने लड़ाई लड़ी थी उनकी याद में यह युद्ध स्मारक बनवाया गया था।

भागसुनाग मंदिर

आप धर्मशाला के भागसुनान मंदिर के दर्शन कर सकते हैं। यह मंदिर भी बहुत ही प्राचीन है और डल झील के किनारे पर स्थित है। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर

की उत्पत्ति दैत्य राजा भागसु और नागों के देवता नागराज के बीच में हुई एक विशाल लड़ाई के साथ हुई थी।

तिब्बती संस्कृति की दिखती है झलक

धर्मशाला में आप तिब्बती संस्कृति की झलक भी देख सकते हैं। आप यहां पर तिब्बती इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट में भी घूम सकते हैं। नामग्याला स्तूप देख सकते हैं। यह स्तूप मैक्लॉडगंज के बहुत ही पास है। इस स्तूप का निर्माण उन तिब्बती सैनिकों के सम्मान में करवाया गया था, जिनकी मौत तिब्बती स्वंतत्रता संग्राम के दौरान हुई थी।

त्रिउंड हिल

धर्मशाला से लगभग 14 किलोमीटर की दूरी पर त्रिउंड हिल की सैर भी आप कर सकते हैं। इसके अलावा यदि आप ट्रेकिंग के शोकिन हैं तो भी यह जगह आपके लिए एकदम बेस्ट रहेगी। पूरे भारत में त्रिउंड हिल ट्रेकिंग और केम्पेनिंग के लिए जानी जाती है। इसके अलावा पिकनिक मनाने के लिए भी यह जगह एकदम सही है। अगर आप एडवेंचर्स के शोकिन हैं तो भी आपके लिए त्रिउंड एकदम बेस्ट प्लेस रहेगी।

ब्रह्मज्ञान से ही भारत की सुषुप्त अंतर्चेतना पुनः जागृत होगी - साध्वी आस्था भारती

भारतीय संस्कृति' सम्पूर्ण विश्व को संस्कारवान बनाएगी - साध्वी आस्था भारती

पुष्पांजली टुडे

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 12 से 18 सितंबर 2022 तक डीडीए ग्राउंड, ब्लॉक ए , बंसल भवन के सामने, पेट्रोल पंप के पीछे, सेक्टर 16, रोहिणी, दिल्ली में %श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ% का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस महान ज्ञानयज्ञ का शुभारम्भ मंगल कलश यात्रा से किया गया। कथा के प्रथम दिवस भागवताचार्या महामनस्विनी विदुषी सुश्री आस्था भारती जी ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें भगवान की गाथा करने का सुअवसर मिला है। भारत भूमि महान योगियों-तपस्वियों की साधना स्थली रही है। भारत के तीर्थ-स्थलों में बायो एनर्जी फील्ड व्याप्त रहता है। इसी कारण से यहाँ मरणासन्न व्यक्ति का लिंग शरीर ऊर्ध्व गति को प्राप्त करता है। दिव्य-ऊर्जा लिंग शरीर को एक उज्ज्वल प्रदान करती है, जिससे कर्म-संस्कारों के भार से बोझिल

सूक्ष्म देह ऊँचाई की ओर गमन करती है। कहा जाता है की हमारे तीर्थ-स्थल कोई ईंट और गारे से निर्मित जगह नहीं है, वह 'दिव्य-चेतना' का सघन पुंज है। इसलिए वहाँ के वातावरण में आज भी दिव्यता घुली हुई है। एक स्थावर तीर्थ है, जो भौगोलिक रूप से भारत के मानचित्र पर अंकित है। दूसरे तीर्थ वह है, जो हमारे अंतःकरण में स्थित है। उसे आत्मतीर्थ भी कहा जाता है। शास्त्र कहते हैं कि बाहरी तीर्थ एक आंतरिक अवस्था है, जिसमें हमें अपने अंतर्घट में ब्रह्म-तत्त्व के दिव्य प्रकाश का दर्शन होता है। यह दर्शन केवल एक पूर्ण सद्गुरु की कृपा से ही संभव है। गुरु-कृपा से ब्रह्मज्ञान को प्राप्त कर मनुष्य अपनी आंतरिक तीर्थ में स्नान कर पवित्र हो जाता है व मुक्ति का अधिकारी भी बन जाता है। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक व संचालक गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी कहते हैं- भारत का वैशिष्ट्य मुम्बई की चौपाटी नहीं। आगरे का ताजमहल अथवा दिल्ली का लालकिला भी नहीं। भारत- 'भा+रत' अर्थात जो प्रकाश में लीन है, वही भारत है। भारत का केंद्र हमारा अध्यात्म ज्ञान-विज्ञान- 'ब्रह्मज्ञान' रहा है। आज दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ब्रह्मज्ञान के उसी परमोज्ज्वल पथ को प्रशस्त करने में ही प्रयासरत है। साध्वी जी ने बताया कि ब्रह्मज्ञान से ही भारत की सुषुप्त अंतर्चेतना पुनः अंगड़ाई लेगी। भारत समस्त आरोपित आवरण उतारकर अपनी मौलिक अलौकिकता में स्थित होगा और फिर, सुसंस्कृत संतानों की जननी- 'भारतीय संस्कृति' समग्र विश्व को संस्कारवान बनाएगी।

खंगार क्षत्रीय समाज की कार्यकारिणी घोषित

वर्षों की दुश्मनी भुलाकर लगे लगे दिया एकता का संदेश-श्री खेंगर

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

लहार- रौन में क्षत्रीय खंगार समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी गठित की गई।जिसमें सर्वप्रथम समाज ने एक अनोखा उदाहरण पेश किया।जिसमें गिरजाशंकर परिहार एवम अतर सिंह परिहार की कई

वर्षों से मनमुटाव के चलते आना जाना एवम बोल चाल बन्द थी।जिसे समाज ने समझौते में बदलबाकर एक दूसरे को माला डालकर एक अनोखी मिशाल पेश की।उसके बाद खंगार क्षत्रिय विकास राष्ट्रीय कार्यकारिणी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार नन्ना जी के निर्देशन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता अशोक मिर्धा जी के नेतृत्व में एनआर खेंगर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य की अनुशंसा पर रौन ब्लॉक में कार्यकारणी का गठन किया गया है।जिसमें तिलक सिंह परिहार जगन्नाथपुरा को ब्लॉक अध्यक्ष एवं गीतेश परिहार बसंतपुरा को ब्लॉक उपाध्यक्ष समाज की अनुमति से मनोनीत किया गया।बैठक में जिला कार्यकारिणी से जिलाध्यक्ष मेघ सिंह परिहार एवं जिलाउपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार तथा रौन एवम लहार ब्लॉक से सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित रहे।कार्यक्रम में लाखन सिंह,आर.डी परिहार,अर्जुन सिंह परिहार,अजय सिंह,गिरजा शंकर परिहार, मंगल सिंह अतर सिंह,सरनाम सिंह बैशपुरा,बलबीर सिंह जलालपुरा,संजू डड्डआ,चंद्रेश जगन्नाथपुरा, लाखन सिंह जसवंतपुरा,महेश,बाबू सिंह परिहार अर्जुनपुरा वाले,भगवान दास रोन,सुरेंद्र परिहार रौन,राजकुमार देवरी,विनोद दबोह एवम सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शिवपुरी जिले में गौशाला होने के बावजूद गोवंश सड़कों पर क्यों: कु. शिवानी राठौर

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-गोवंश संरक्षण के लिए कु. शिवानी राठौर जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग महिला कांग्रेस शिवपुरी ने जिलाधीश महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कु. शिवानी राठौर ने बताया कि

शिवपुरी जिले में गौशाला होने के बावजूद गोवंश सड़कों पर घूमता रहता है। जिसके कारण आए दिन गोवंश घायल एवं चोटिल होती रहती हैं। बीते दिनों शहर में दुर्घटनाएं हो चुकी हैं जिनमें आम व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गोवंश संरक्षण की लिए गौशालाओं को पर्याप्त बजट भेजा जाता है उसके बाद भी

गोवंश सड़कों पर घूमते रहने के कारण आए दिन वाहनों से घायल होता रहता है। गौ सेवकों द्वारा घायल गोवंश का सेवा उपचार कराया जाता है। कु. शिवानी राठौर ने

जिलाधीश महोदय से ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया है कि इस संबंध में नगर पालिका एवं नगर परिषद को आदेश दें कि वह गोवंश संरक्षण की अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए गोवंश को गौशाला तक भेजने का प्रबंध करें, जिससे कि गोवंश संरक्षण के साथ-साथ आम नागरिकों का जीवन भी सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर कु. शिवानी राठौर के साथ शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस राजकुमारी खान आदि उपस्थित रही।

कांग्रेस डिजिटल बजट प्रस्तुत करे लेकिन धोखेबाज बजट नहीः भाजपा

12 हजार करोड़ रुपये युवाओं का 8 हजार करोड़ रुपये किसानों का जो कांग्रेस ने दबाया है उसे बजट में कब लाएगी:अरूण साव

ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी

छत्तीसगढ़ सरकार के डिजिटल बजट प्रस्तुत करने की तैयारी पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री अरूण साव ने कहा है बजट डिजिटल हो या मैनुअल लेकिन धोखेबाज नही होना चाहिए।

श्री साव ने कहा राज्य सरकार ने मूल व अनुपूरक बजट मिलाके 11 से ज्यादा बार विधानसभा में बजट प्रस्तुत किया है लेकिन कांग्रेस ने घोषणा पत्र में किए वादे के अनुरूप



किसानों के 2 साल का बोनस जिसकी राशि लगभग 4,800 करोड़ है उसका प्रावधान क्यों नही किया? किसानों का कृषि पंपों का बिजली बिल जिसकी राशि लगभग 3 हजार 500 करोड़ है क्यों माफ नही हुआ?

छत्तीसगढ़ प्रदेश के 10 लाख युवाओं का प्रति युवा 1 लाख 20 हजार कांग्रेस सरकार ने दबा रखा है इसकी कुल राशि 12 हजार करोड़ है इसका प्रावधान कब होगा?

संपत्ति कर माफ करने का वादा करने वाली धोखेबाज कांग्रेस सरकार ने जनता का 3000 करोड़ माफ नही किया उसका प्रावधान कब होगा? प्रदेश के लाखो कर्मचारियों का डीए का लगभग 8 हजार करोड़ भी राज्य की कांग्रेस सरकार ने दबा रखा है जिसके लिए प्रदेश में लगातार आंदोलन चल रहा है।

श्री साव ने सवाल किया आखिर राज्य सरकार अपने डिजिटल बजट में कब इन राशियों का प्रावधान करेगी?

किसी भी गुण्डे मवालियो को बक्सा नही जायेगा वारदात की नीयत से घूम रहे आरोपी को मय कट्टा कारतूस के किया गिरफ्तार

केशब पंडित जी अम्बाह

अम्बाह। मुरैना एसपी आशुतौष बागरी के फरमान से जिले मे अबैध शस्त्र रखने बालो के बिरूध कारबाही करने हेतु अभियान के तहत अम्बाह एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा के मार्ग दर्शन में अम्बाह पुलिस द्वारा कोई कितना ही बडा आदमी क्यो न हो अगर

अगर अपराध की नियत से घूम रहा हो तो कतई बक्सा न जाये इसी तारतम्य में आज दिनांक 13/09/2022 को मुखविर की सूचना मिली कि शासकीय स्कूल के पास,ग्राम नाबली में एक ब्यक्ति अबैध कट्टा लिये वारदात करने की नियत से घूम रहा है आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का अबैध देशी कट्टा व 01 दो जिन्दा राउण्ड जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एवं आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध क्रं. 620/22 पंजीबद्ध किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में अम्बाह थाना प्रभारी जितेन्द्र नगाईच, एसआई विवेक तोमर, प्र.आर.महेश शर्मा, प्रआर बसंत साहू, प्रआर चालक.महेन्द्र सिह एवं आर योगेन्द्र राजे की सराहनीय भूमिका रही

केआरजी में पोषण आहार सप्ताह के अंतर्गत स्वयं सेविकाओं ने किया नुक्कड़ नाटक

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर-खान-पान और स्वास्थ्य को दें पहला स्थान,तभी होगा बीमारियों का निदान,स्वस्थ संतुलित हो आहार एनजीं दे शरीर को अपार इत्यादि।ग्वालियर शहर के शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पोषण आहार सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा पोषण आहार विषय पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई।इस अवसर पर किस प्रकार विद्यार्थी जीवन,गृहस्थ जीवन व गर्भवती अवस्था में पोषण आहार का सेवन करना चाहिए और पोषण आहार का सेवन ना करने से होने वाले दुष्परिणामों से महाविद्यालय परिसर में छात्राओ को जागरूक किया। स्वयंसेविकाओ द्वारा उत्साह के साथ नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई।सभी स्वयंसेविकाओ

द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाया गया।कार्यक्रम के अंत में स्वयं सेविकाओं द्वारा पोषण आहार लेने के लाभ व पोषण आहार ना लेने के दुष्परिणामो पर अपने विचार प्रस्तुत किए।उन्होंने बताया कि किस प्रकार मानव शरीर के लिए विटामिन,कार्बोहाइड्रेट,फैट व वसा इत्यादि खनिज तत्वों की आवश्यकता होनी चाहिए।जिससे शरीर का स्वास्थ्य संतुलन

उचित बना रहे साथ ही किस प्रकार पौष्टिक आहार खाने से हम विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं।इन विषयों पर अपने विचारो को साझा किया।यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य व ग्वालियर चंबल संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ एम आर कौशल के संरक्षण में हुआ।कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.वीणा शुक्ला,डॉ कृष्णा सिंह व डॉ संगीता सोमवंशी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

दिव्यांग सेवा सबसे बड़ी सेवा - प्रहलाद भारती

विशेष आवश्यकता बाले बच्चों का चिकित्सीय शिविर सम्पन्न

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी - विशेष आवश्यकता बाले (दिव्यांग) बच्चों का चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर डिप्टी कलेक्टर शिवागी अग्रवाल के निर्देशन एवं ए पी सी हरीश शर्मा के मार्गदर्शन मे आज दिनांक 13.09.2022 को शा मावि छावनी क्रमांक 1 शिवपुरी मे सम्पन्न हुआ । चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर के मुख्य अतिथि के रूप मे उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम राज मंत्री दर्जा मध्य प्रदेश शासन एवं पूर्व विधायक पोहरी प्रहलाद भारती उपस्थित थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राधानाध्यापक मावि छावनी क्रमांक 1 शिवपुरी अजमेर सिंह यादव द्वारा की गई । कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ की गई , संस्था प्रभारी अजमेर सिंह द्वारा माननीय मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया । प्रहलाद भारती द्वारा बच्चों को कृमिनासक दवा दी साथी ही अपने उद्बोधन मे प्रहलाद भारती द्वारा दिव्यांग बच्चों, पालकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग सेवा सबसे बड़ी सेवा है , आज के समय में दिव्यांग बच्चे विभिन्न

विधाओ मे भाग लेकर मध्यप्रदेश एवं राष्ट्र के पटल पर अपना नाम रोशन कर रहे है , हम सभी को ऐसे दिव्यांग छात्रों की हमेशा सहायता करनी चाहिए , मध्य प्रदेश शासन विभिन्न योजनाओ मे दिव्यांग बच्चों को लाभान्वित करने हेतु पूर्णतः तत्पर है , हो सकता है कि भगवान की प्राप्ति मंदिर मे न हो , अल्लाह की प्राप्ति मस्जिद मे न हो परंतु भगवान दीन दुखियों के सेवा मे जरूर मिल जाएंगे , उन्होंने दिव्यांग बच्चों के लिए हर संभव मदद का भरोषा दिया उसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा समस्त बच्चों को फल एवं बिस्किट का वितरण किया । अध्यक्षीय उद्बोधन अजमेर सिंह यादव द्वारा दिया गया एवं सफल आयोजन के लिए बी आर सी सी अंगद सिंह तोमर एवं पूरी टीम को धन्यबाद ज्ञापित किया गया । चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर कुल 182 दिव्यांग बच्चों ने अपना पंजीयन कराया , परीक्षण उपरांत नेत्र हेतु 5, अस्थि हेतु 8, मानसिक हेतु 4 , ई एन टी हेतु 7 मेडिकल प्रमाण पत्र बनाए जाएंगी , उपकरण हेतु 47 छात्र चयनित किए गए जिन्हे केलीपर, ट्राई साइकिल , व्हील चेयर , कान की मशीन , कृतिम पैर , बैसाखी , एम आर किट , बेल किट , ब्रेल स्टिक , रोलेटर प्रदान किए जाएंगे । चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर मे डॉ दिनेश अग्रवाल (नेत्र चिकित्सक), डॉ मोहित (अस्थि) डॉ अर्पित बंसल (एम आर), डॉ अभिषेक गोयल (ई एन टी), डॉ रंजीत सिंह (ऑडियोलॉजिस्ट) के द्वारा चिकित्सीय परीक्षण किया गया , एलिमको टीम की ओर से प्रनेष मिश्रा (ऑडियोलॉजिस्ट), बिनीत कुमार सिंह (पी×ओ) एवं सागर उपस्थित थे । चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर उपस्थित सभी छात्रों को भोजन व्यवस्था एवं यात्रा देयक की सुविधा भी प्रदान की गई , कार्यक्रम मे विशेष योगदान प्रदीप शर्मा एम आर सी , दिनेश गुप्ता , अरविन्द वर्मा , दिनकर नीखरा , गणेश गुप्ता, राजेश खत्री , लोकेश बोबल एवं अखिल भार्गव का रहा संस्था प्रभारी अजमेर सिंह यादव एवं उनके पूरी टीम का शानदार सहयोग रहा अंत मे बी आर सी सी अंगद सिंह तोमर द्वारा आभार व्यक्त किया।

लंपी बीमारी की रोकथाम में मानवता का निभा रहे है फर्ज : पीयूष प्रजापति

पुष्पांजली टुडे

बेंगलूरू— विष्णु समाज गौ भक्त मंडल बेंगलुरु कर्नाटक के द्वारा आयोजित एक शाम गौ माता के नाम दिनांक 6/3/2022विशाल भजन संध्या आयोजित हुई थी। जितनी भी राशि उस भजन संध्या में आई थी विष्णु समाज के मुख्य कार्यकर्ताओं में पीयूष प्रजापति, रमेश माली, सुनील प्रजापत,चेनाराम माली ने बताया कि जितनी भी गोदान राशि उस रात भजन संध्या में आई थी वह पूरी राशि 51 गांव में चारा डलवाया गया और अभी गायों की बीमारियों में दवा और काफी जगह गुप्त दान वितरण कर कर इस राशि का सदुपयोग किया ।विष्णु समाज व भक्त मंडल के सभी कार्यकर्ताओ को ढेर सारी बधाई व शुभकामनाए दी गई। देवारामजी महाराज गौ शाला समिती कांवलिया खुर्द में गौमाता के लिए विकिट स्थिती में गौमाता के लिए चारा व दवाँइयों की सहायता दी गई। श्री कृष्ण गौशाला समिती पृथ्वीगढ़ ढाणी और केशरिया कवंरजी गौशाला आकेली, संस्कार गौ सेवा समिति कुशालपुरा, श्री महादेव गौशाला समिति आसरलाई गौशाला में चारा व दवाँइया का आर्थिक सहयोग दिया ।इसके लिए संस्था की ओर से आभार व्यक्त किया

गरीबों के कल्याण के लिए सुविधाएँ देना हमारी प्राथमिकता: मुख्यमंत्री श्री चौहान

- जनजाति महिलाओं के खाते में 23 करोड़ 35 लाख रूपये सिंगल क्लिक से किए अंतरित
- सहरिया, बैगा और भारिया परिवार की महिलाओं को आहार अनुदान

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि धरती पर उपलब्ध संसाधनों पर सभी का अधिकार है। गरीबों के कल्याण के लिए सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। राज्य सरकार प्रतिबद्धता से कार्य करते हुए गरीबों के हित में अनेक योजनाएँ चला रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आहार अनुदान योजना में पोषण भत्ते के रूप में विशेष पिछड़ी जनजाति सहरिया, बैगा और भारिया के 2 लाख 33 हजार 570 परिवार की महिला मुखियाओं के खातों में 23 करोड़ 35 लाख 70 हजार रूपये सिंगल क्लिक से अंतरित कर संबोधित कर रहे थे। इन महिलाओं के व्यक्तिगत खातों में सितम्बर माह की एक-एक हजार रूपये की राशि अंतरित की गई। जनजातीय कल्याण कार्य मंत्री सुश्री मीना सिंह वर्चुअली शामिल हुईं। विभाग की प्रमुख सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल उपस्थित थी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति सहरिया, बैगा और भारिया की बहनों का स्वास्थ्य ठीक रखने और पोषण के लिए आहार अनुदान योजना वर्ष 2017 से प्रारंभ की गई। तब से राज्य सरकार द्वारा प्रति माह पोषण आहार के लिए एक-एक हजार रूपये की राशि बहनों के खातों में अंतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं बहनों का भाई हूँ और बेटियों का मामा हूँ, इसलिए आपका पूरा ध्यान रखना मेरा कर्तव्य है। गरीब परिवार के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा, राशन, आवास और

स्वास्थ्य के लिए भरपूर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।

जनजाति वर्ग के 260 बच्चों ने पास की जेईई, नीट और क्लेट की परीक्षा: मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में जनजाति वर्ग के 260 बच्चे जेईई, नीट और क्लेट की परिक्षा में सफल हुए हैं। ये बच्चे पढ़-लिख कर निश्चित ही बड़े पदों पर पहुँचेगे। इन बच्चों की सफलता के पीछे उनका परिश्रम और विभाग द्वारा दिया गया मार्गदर्शन प्रमुख है। सफल हुए विद्यार्थियों की फीस मामा भरवाएगा, उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बच्चों की शिक्षा के लिए निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, साइकल, गणवेश, छात्रवृत्ति आदि की सुविधाएँ राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही हैं। उच्च शिक्षा की पढ़ाई के लिए भी भरपूर मदद की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कौशल एवं सांस्कृतिक केंद्र खोलने का कार्य किया जा रहा है, जिससे बच्चों की प्रतिभा में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बीमार होने पर आयुष्मान भारत योजना में निःशुल्क इलाज की व्यवस्था है। पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड पर 5 लाख तक रूपए तक का इलाज निःशुल्क कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को मुख्यमंत्री भू-अधिकार आवास योजना में पट्टा देकर उन्हें भूमि का मालिक बनाया जा रहा है। सूदखोरों के विरूद्ध कानून बनाया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्योपुर जिले के कूनो पालपुर और कराहल आ रहे हैं। वे कराहल में स्व-सहायता समूह की बहनों से संवाद करेंगे। स्व-सहायता समूह बहनों की जिंदगी बदलने का माध्यम है। जो बहनें इन समूहों में शामिल नहीं हैं, वे समूह में शामिल होकर अपना जीवन सफल बनाएँ।

मुख्यमंत्री का बहनों से संवाद: मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति की बहनों से वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने छिंदवाड़ा जिले की नीलू भारती, डिण्डोरी जिले की जानकी बाई और गुना जिले की गीता बाई से बात की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पूछा कि पोषण आहार की एक-एक हजार रूपए की राशि उन्हें नियमित रूप से मिल रही है या नहीं।

श्री रामार्चना महायज्ञ का आयोजन केदारनाथ की पवित्र भूमि पर हुआ सम्पन्न

रिपोर्टर – प्रतिश अग्रवाल

गुना। मधुसुदनगढ़ के समाजसेवी एवं पूर्व सरपंच देवेंद्र शर्मा परिवार द्वारा गौलोकवासी ब्रजकिशोर शर्मा जी की पांचवी पुण्यतिथि पर देवभूमि केदारनाथ में परम पूजनीय 1008 संत शिरोमणि श्री अभिरामदास त्यागी जी के द्वारा श्री रामार्चना महायज्ञ का आयोजन कराया गया।

समाज की होनहार प्रतिभा शीतल बर्फा को दश हजार रुपये पारितोषिक के रूप में सप्रेम भेंट

पुष्पाजंली टुडे

मध्यप्रदेश–सीरवी समाज के रत्न,सदैव समाज को खेल,शिक्षा व संस्कार, को आगे बढाने का प्रयास ओर मार्गदर्शन आदरणीय रामलाल सेणचा गांधीधाम ने इस होनहार प्रतिभा की अच्छी शिक्षा से

प्रभावित होकर अपनी ओर से बेटी को दस हजार रुपए पारितोषिक में दिए,बासा ने कहा कि बेटियां अनमोल धरोहर है, ऐसी बेटियों को जरूर अच्छी शिक्षा मिले ताकि उनका जो लक्ष्य है वो पूरा कर सके।राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति के सदस्य गब्बूसिंह बर्फा ने कहा कि प्रतिभा शीतल सीरवी ने बाहरवीं बोर्ड परीक्षा में गांव भीकुपुरा में टॉपर पर रही और आगे उनका एक ही लक्ष्य है कि मुझे एमबीबीएस डॉक्टर बनाना है। शीतल के पिता स्व. गजेंद्र सीरवी का सपना था कि हमारी बेटी आगे अच्छी पढ़कर डॉक्टर बनने के साथ समाज सेवा भी करे। आगे भी समिति द्वारा जो बेटी को जरूरत होगी समिति के माध्यम से किया जाएगा।ये जानकारी समिति सदस्य गब्बूसिंह बर्फा ने दी। राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति की ओर रामलाल सेंणचा का आभार व्यक्त किया ।

अम्बाह थाना क्षैत्र के अन्तर्गत रतनबसई गॉव में दबंगो ने एक अधेड को पीटा और जान से मारने की दी धमकी

अम्बाह । फरियादी महाबीर शर्मा पुत्र बृजबासी शर्मा निबासी रतन बसई ने थाना आकर जुबानी रिपोट की है गॉव के दबंग लोग मुझे आये दिन परेशान कर रहै रात्रि 12 चोरी की नियत से मेरे घर में कूदे तो जाग गया मैने घेराबन्दी कर चोर को पकड लिया और 100 नम्बर डायल कर थाने में सूचना दी तब तक गॉव के ही एक अन्य आदमी ने आकर उसे भगा दिया जिस बात की सूचना मैने पहले ही अबगत करादी मेने उनके घर बालो को इसका उलाहना दिया तो घर बाले मुझसे मॉ बहिन की गाली दैने लगे गाली देने से मैने मना किया तो तीन लोगो ने मेरी लात घूसो से मारपीट कर दी मेरे बॉह व पैर में मुदी चोट आई है तभी मेरी पत्नी रेखा व मेरे पिताजी ने आकार बीच बचाव किया तो अजय छोटू बिनोद ने गाली देते हुये कहा कि अबकी तो बच गया आइन्दा गॉव खाली करके चला जाना नही तो जान से तुझे हम खत्म देगे

रेडक्रास की राज्य इकाई जिला शाखाओं की नियमित मॉनीटरिंग करें: राज्यपाल पटेल

भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि रेडक्रास की राज्य इकाई द्वारा जिला और उप शाखाओं की नियमित मॉनीटरिंग की जाए। शाखाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों का मासिक प्रगति प्रतिवेदन राज्य स्तर पर संकलित किया जाए। उन्होंने कहा कि रेडक्रास का मूल काम रक्तदान के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित कर रक्त का संकलन करना है। जूनियर रेडक्रास और युवा रेडक्रास को रक्तदान प्रयासों में सहयोग और वातावरण निर्माण के कार्यों से जोड़ा जाए। ब्लड कलेक्शन वैन द्वारा किए जाने वाले रक्त संकलन की नियमित जानकारी भी तैयार की जाए। राज्यपाल श्री पटेल राजभवन में भारतीय रेडक्रास सोसायटी, राज्य शाखा, भोपाल की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि युवा मंडलों द्वारा उत्सव और पर्व पर किए जाने वाले कार्यक्रमों को रक्तदान के संबंध में भ्रांतियों को दूर करने के मंच के रूप में उपयोग किया जाए। युवा मंडलों की भागीदारी के साथ रक्तदान शिविर भी लगाए जाए। उन्होंने कहा कि रेडक्रास द्वारा लगाए जाने वाले स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों की अग्रिम जानकारी राजभवन को उपलब्ध कराई जाए। स्कूलों और महाविद्यालयों में भी वातावरण निर्माण की गतिविधियाँ संचालित की जाएँ और यह जानकारी राजभवन को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था के निर्देश भी दिए। राज्यपाल ने रेडक्रास की राज्य इकाई के चिकित्सालय की स्वच्छता पर विशेष बल देने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि राज्य इकाई द्वारा विवेक और बुद्धि के समन्वय के साथ स्वतंत्र रूप से पीड़ित मानवता की सेवा प्रकल्प का पालन किया जाए। सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर व्यवस्थाएँ की जा रही हैं। रेडक्रास का यह दायित्व है कि वह इन सुविधाओं का लाभ वंचित और पिछड़े वर्ग को उपलब्ध कराने में सहयोग करे।

बताया गया कि रेडक्रास राज्य शाखा द्वारा रेडक्रास चिकित्सालय में सिकल सेल उपचार केंद्र स्थापित किया गया है। इसमें जाँच के लिए जन-सहयोग से अत्याधुनिक मशीन उपलब्ध कराई गई है। विगत अप्रैल से अगस्त माह के दौरान राज्य इकाई द्वारा 7 स्वास्थ्य शिविर लगा कर एक हजार से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। राज्यपाल के प्रमुख सचिव डी.पी. आहूजा, संभाग आयुक्त भोपाल गुलशन बामरा, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ डॉ. दिनेश श्रीवास्तव, रेडक्रास के अध्यक्ष डॉ. गगन कोल्हे, सचिव भारत झंवर, कोषाध्यक्ष शशांक श्रीवास्तव, जनरल सेक्रेटरी प्रदीप त्रिपाठी एवं राजभवन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

खेल को खेल की भावना से खेले प्रधानाचार्य मांगीलाल सोनल

पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान। नरेश कुमार सिरवी

रानी पाली। चाचोडी राज्य सरकार के निर्देशानुसार रानी ब्लाक के ग्राम चाचोड़ी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक के महाकुंभ का भव्य शुभारंभ कार्यक्रम में रानी पंचायत समिति

विकास अधिकारी रानी जितेन्द्र सिंह की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत चांचौडी पूनम सिंह राजपुरोहित, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान पाबू सिंह राणावत, समाज सेवी एवं भामाशाह पीरागम देवासी, मोहन लाल खुमाजी घांची, छैल सिंह चम्पावत, घेवर राम देवासी, विजय सिंह राजपुरोहित, धनाराम सीरवी, सोहन सिंह राजपुरोहित, प्रवीण भाई लूणिया, विमल भाई लूणिया, तेजराज लूणिया, हीराचन्द सोलंकी, मकनाराम होम्बर, किशन भाई चौधरी, राजू भाई मौयला, नगाराम देवासी, एस एम सी अध्यक्ष रणजीत सिंह, घीसाराम बामनिया, दुर्गा प्रसाद एवं पृथ्वी सिंह राजपुरोहित भैरू सिंह राजपुरोहित शंकर सिंह राजपुरोहित दिनेश सिंह राजपुरोहित मोडाराम मीणा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी तेजपाल सिंह। ग्राम रोजगार सहायक भगवान लाल बाभणिया। मौजूद रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई इसके बाद विकास अधिकारी जितेन्द्र सिंह ने ग्रामीण ओलंपिक का ध्वजारोहण किया 7 जितेन्द्र सिंह ने संबोधन में खेल भावना विकसित कर सामाजिक सौहार्द स्थापित करने की अपील की 7 सरपंच चांचौडी पूनम सिंह राजपुरोहित ने सम्पूर्ण आयोजन की सक्षिप्त जानकारी दी ।और खेल आरम्भ की उदघोषणा की 7 विद्यालय के संस्था प्रधान मांगीलाल सोनल ने सभी अतिथियों, भामाशाहों का स्वागत व सम्मान किया ।और टीमों को हार -जीत के परे जाकर सौहार्द के साथ खेल खेलने का आवाहन किया 7 खिलाड़ियों ने खेल भावना विकसित करने की शपथ ग्रहण की 7 टास जीतकर के खिवाड़ा ने उद्घाटन मैच में बूसी के खिलाफ अच्छा संघर्ष किया 7 बूसी ने खिंवाड़ा को 2- 0 से हराया 7विजयी टीम बूसी के कप्तान किरण कुमार ने विजय का श्रेय टीम की संघर्ष भावना को दिया।

कलेक्टर ने बच्चों को एल्बेंडाजोल गोली खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ किया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ सिटी सेंट्रल स्कूल भिण्ड में किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, सीएमएचओ डॉ यूपीएस कुशवाह, जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर द्वारा छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल गोली खिलाकर किया गया। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए बच्चों को एल्बेंडाजोल गोली लेकर अभियान में सहयोग देने व अपने आस पास के बच्चों को भी कृमि संक्रमण से मुक्ति के बारे में जानकारी प्रदान करने की बात कही। उन्होंने बच्चों को पानी उबाल कर व साफ पानी पीने की बात कही।

उन्होंने कहा कि बच्चों को साफ-सफाई की आदतों को अपनाना चाहिए। कृमि संक्रमण से सुरक्षा के लिए भोजन करने से पहले हाथ जरूर धोना चाहिए। कृमि की बीमारी से बच्चों में हिमोग्लोबिन की कमी होती है। जिससे थकान रहती है और अन्य बीमारियां भी होती हैं। उन्होने कहा कि कृमि वह परजीवी हैं, जो मनुष्य के आंत में रहते हैं और जीवित रहने के लिए मानव शरीर के जरूरी पोषक तत्व को खाते हैं। कृमि संक्रमण भारत में एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या है और यह बच्चों की शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास पर हानिकारक प्रभाव डालते हैं। इनसे एनीमिया और कुपोषण का भी खतरा रहता है। एल्बेंडाजोल डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुमोदित दवा है जिसका उपयोग पूरे विश्व में बच्चों और किशोरों में आंत के कृमि संक्रमण को रोकने के लिए किया जाता है।

पाली जिला कलेक्टर से सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत ने की मुलाकात

पुष्पांजलि टुडे। पाली राजस्थान

पाली । सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत ने जिला कलेक्टर पाली नमित मेहता से मिलकर सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी गाँवों व सुमेरपुर-तखतगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति 72 घंटे से 24 घंटे करने की मांग की, उन्होंने जिला कलेक्टर को बताया कि वर्तमान में मानसून अच्छा होने से जवाई बांध में प्रयाप्त पानी की आवक हो रही है केचमेन्ट एरिया में बरसात होने, ओर सेई बांध से लगातार आवक होने से जवाई बांध जल्द ही अपनी पूर्ण भराव क्षमता को पूर्ण कर लेगा 7 वर्तमान में जवाई बांध में 56.50 फीट (6080 द्रष्ट्द्ध) व सहायक सेई बांध में 10-93 मीटर (1618 द्रष्ट्द्ध) जल उपलब्ध है 7 पिछले वर्ष बरसात कम होने और इस वर्ष पेयजल की भारी किल्लत होने के कारण इस वर्ष गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति चार से पांच दिन के अंतराल में की गयी थी और ग्रामीण क्षेत्रो में तो कई जगह पेयजल आपूर्ति टैंकरों और स्थानीय स्त्रोतों से की जा रही थी 7 अभी सुमेरपुर-तखतगढ़ नगरपालिका क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र में 72 घंटो

के अंतराल में पेयजल आपूर्ति की जा रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में तो कई स्थानों पर अभी तक जवाई से पेयजल आपूर्ति शुरू भी नहीं की गयी है 7 जब पानी उपलब्ध नहीं था तो क्षेत्र की जनता और जन प्रतिनिधियों ने सभी ने सहयोग किया था, परन्तु अब पेयजल और सिंचाई हेतु प्रयाप्त जल उपलब्ध है और जवाई बांध अपनी पूर्ण भराव क्षमता की और है, सेई बांध भी पूर्ण भरा हुआ है और आवक अभी भी जारी है 7 ऐसी स्थिति में प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति नहीं किया जाना जनता के साथ अन्याय है और विभाग अपनी मनमानी कर रहा है 7 सेई और जवाई पूर्ण भराव होने के बाद नदी में पानी बहकर जाएगा और पेयजल के लिए जनता मुँह ताकती रहा जायेगी अतः विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों व सुमेरपुर-तखतगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में 72 घंटे की जगह प्रतिदिन 24 घंटे पेयजल आपूर्ति करवाने की मांग की विधायक ने क्षेत्र में छ्रक खाद की आपूर्ति नहीं होने से किसानो को हो रही समस्या से अवगत कराया व उन्होंने बताया कि अभी खरीफ की फसल चना, तारामीरा, रायडा, गेंहू, जौ की बुवाई होगी जिसमें बीज बुवाई से पहले छ्रकखाद की बुवाई होती है 7 क्षेत्र में छ्रककी सप्लाई नहीं हो रही है जिससे किसानों की बुवाई प्रभावित होगी 7 अतः शीघ्र छ्रकखाद की सप्लाई करवाई जाए 7

सुमेरपुर के अस्थाई फटाका लाईसेंस धारी व्यापारियों को शीघ्र अस्थाई लाईसेंस जारी कर उनके द्वारा पूर्व में निर्धारित स्थानों पर व्यवसाय करने की अनुमति दिलाने का आग्रह जिला कलेक्टर से किया क्षेत्र में गौधन में फैली लम्पी वायरस पर चर्चा की व प्रत्येक पशु चिकित्सा केंद्र पर दवाईयों की उपलब्धता कराने व इनके शीघ्र व समयबद्ध ईलाज हेतु चिकित्सा अधिकारियों व कार्मिको को पाबन्द करने का आग्रह किया 7 ज्ञात रहे विधायक ने अपने विधायक कोष से 10 लाख रुपये की राशि गौधन में लम्पी के ईलाज हेतु दवाईयाँ खरीदने के लिए जारी की है वर्तमान में बरसात और गर्मी के मौसम में बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित विघुत कटौती की जा रही है 7 बिना किसी पूर्व सूचना के शाम के समय और रात के समय लगातार चार-चार घंटो तक कटोती की जा रही है जिससे ग्रामीण क्षेत्रो में जनता का जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है 7 शाम के समय बिजली नहीं होने से खाना बनाने और सोने के समय मच्छरों और जीव-जन्तुओ का भी खतरा बना रहता है जिससे मौसमी बीमारियों का भी प्रकोप फ़ैल रहा है 7 जब भी विभाग के अधिकारियों को जनता द्वारा फ़ोन किया जाता है तो वो कहते है कि जयपुर से बिजली काटी गयी है 7 ऐसे मौसम में बिना बिजली के लोगों का जीना दूभर हो गया है अतः विघुत विभाग को ग्रामीण क्षेत्रो और नगरपालिका क्षेत्रो में नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल करवाने की मांग की।

इंदौर जिले के सेमदा-बेटमा की गायों में लंपी रोग, एक माह के लिए बंद होगा पशु हाट

इंदौर। इंदौर जिले की देपालपुर तहसील के सेमदा गांव में पांच गायों में लंपी रोग की पुष्टि हुई है। सेमदा से लिए गए गायों के सैंपल भोपाल की प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए थे, जिनकी रिपोर्ट आ गई है। इस बीच बेटमा में भी छह गायों में इस रोग के लक्षण मिले हैं। पशु चिकित्सा विभाग ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि एहतियातन देपालपुर और बावलिया खुर्द में लगने वाले पशु हाटों को एक महीने के लिए बंद किया जाए। इंदौर जिले में गायों में लंपी रोग के केस बहुत कम हैं, फिर भी पशु चिकित्सा विभाग ने पूरे जिले में सर्वे शुरू कर दिया है। पशु चिकित्सा अधिकारियों का कहना है कि लंपी रोग का अधिक प्रकोप राजस्थान और गुजरात में है। इस कारण राजस्थान से लगे प्रदेश के नीमच, रतलाम और गुजरात से लगे झाबुआ और आलीराजपुर जिलों में अधिक असर है। जो पशु पालक राजस्थान या गुजरात से गाय-भैंस खरीदकर ला रहे हैं, उन्हें सतर्क रहने की जरूरत है।

पांच किमी के दायरे में वैक्सीनेशन शुरू: पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक डा. एके बरेठिया और अतिरिक्त उप संचालक डा. शशांक जुमड़े का कहना है कि देपालपुर, सेमदा और बेटमा के पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों में

हमने रिंग वैक्सीनेशन शुरू कर दिया है। इसमें पहले प्रभावित गांव के आसपास के पांच किलोमीटर क्षेत्र में आने पहले बाहरी गांवों में वैक्सीनेशन करते हुए अंत में प्रभावित गांव में वैक्सीनेशन किया जाएगा।

गाय-भैंसों को लगा रहे वैक्सीन: डा. बरेठिया का कहना है कि फिलहाल हमारे पास लंपी रोग के वैक्सीन नहीं आए हैं, लेकिन भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार, लंपी रोग में गोट पाक्स के लिए बनाई गई वैक्सीन भी उपयोग में लाई जा सकती है। इसीलिए इंदौर में प्रभावित गांवों में गाय और भैंसों को गोट पाक्स वैक्सीन लगाना शुरू कर दिया गया है। देपालपुर और बावलिया खुर्द में लगने वाले पशु हाट में राजस्थान से भी पशु पालक गाय-भैंसों की खरीदी-बिक्री के लिए आते हैं।

मवेशी चराने को लेकर चरवाहे की पीटकर हत्या

सरकारी जमीन पर मवेशी चराने को लेकर हुआ था झगड़ा, सिर में मारा डंडा, अस्पताल में तोड़ा दम

ग्वालियर। ग्वालियर में एक चरवाहे की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। सरकारी जमीन पर पहले मवेशी चराने को लेकर हुए झगड़े में चरवाहे पर गांव के लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उसे इतना पीटा गया कि वह बेहोश हो गया। गंभीर हालत में चरवाहे को अस्पताल ले जाया गया जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना तिघरा के मेहंदपुर की है। पुलिस ने शव को निगरानी में लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। हमलावरों की तलाश की जा रही है। फिलहाल वह गांव से फरार हो गए हैं।

यह है पूरा मामला

तिघरा थाना स्थित मेहंदपुर निवासी सरनाम बघेल (50) किसान है और एक सप्ताह पूर्व उनका विवाद गांव में ही रहने वाले रामनाथ बघेल से मवेशी चराने पर हुआ। सरनाम बघेल गांव की सरकारी जमीन पर अपने मवेशी चराने पहुंचा था, तभी वहां रामनाथ बघेल आ गया। उसने जमीन पर अपना कब्जा बताते हुए पहले उसके मवेशी को वहां पर चराने के लिए कहा। इसी बात पर दोनों का झगड़ा हो गया। विवाद बढ़ा तो उनके बीच मारपीट शुरू हो गई। इसी बीच रामनाथ बघेल के दोनों बेटे भी वहां पर आ गए और उन्होंने सरनाम की मारपीट करना शुरू कर दिया। इसी बीच रामनाथ बघेल व उसके बेटों ने सरनाम के सिर पर लाठी-डंडे बरसा दिए। जिससे वह जमीन पर गिर गया और बेहोश हो गया।

चरवाहा को बेहोश होता देख कर हमलावर वहां से भाग निकले। मामले का पता चलते ही सरनाम के परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देने के साथ ही घायल सरनाम को उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखकर ट्रूट में भर्ती किया गया था। जहां सोमवार देर रात उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को निगरानी में लिया और पोस्टमार्टम कराया है।

हमलावरों के घरों पर लगे मिले ताले

हत्या के बाद जब पुलिस ने हमलावर रामनाथ व उसके बेटों की तलाश में उनके घरों पर दबिश दी तो वहां ताले लगे मिले हैं। हमलावर गांव के घरों पर ताला लगाकर फरार हो गए हैं। अब पुलिस उनके रिश्तेदारों व करीबियों पर निगरानी रख रही है।

पुलिस का कहना

तिघरा थाना प्रभारी सुरेश सिंह कुशवाह ने बताया कि मवेशी चराने को लेकर हुए विवाद में पिता व पुत्रों ने एक युवक की मारपीट कर दी थी। इस मामले में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। युवक की मौत के बाद आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

वृद्धा ने जहर खाया

ग्वालियर।शहर के माधव गंज थाना क्षेत्र के गुढ़ा में रहने वाली एक वृद्धा ने जहरीला पदार्थ खा लिया ।हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ।पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार माधव गंज थाना क्षेत्र के गुढ़ा गणेश स्कूल के पास रहने वाली सोना कुशवाहा 70 साल पत्नी मोहन सिंह ने अपने बेटे गरीब के घर के बाहर जहरीला पदार्थ खा लिया ।हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर गए जहां उपचार के दौरान वृद्धा ने दम तोड़ दिया ।पुलिस ने मृतका का शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

1128 करोड़ की सड़कों का शिलान्यास-लोकार्पण केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी, सीएम शिवराज करेंगे 15 को

सीएम शिवराज डेढ़ घंटे शहर में रहेंगे, ऊर्जामंत्री ने बांटे पीले चावल

ग्वालियर। अंचल की 1128 करोड़ की लागत से बनी या बनने वाली 222 किलोमीटर लंबी 7 प्रमुख सड़कों का शिलान्यास व लोकार्पण 15 सितंबर को होने जा रहा है। कार्यक्रम में केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी और सीएम शिवराज सिंह, केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर व केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आने का कार्यक्रम आ गया है।

नितिन गड़करी दिल्ली से सीधे दतिया पहुंचेंग और वहां पीतांबरा माई के दर्शन कर शाम 4 बजे ग्वालियर आएंगे। ग्वालियर में वह 4 से 5.30 बजे तक मतलब डेढ़ घंटा रुकेंगे और 1128 करोड़ की लागत की सड़कों शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। सबसे ज्यादा प्रमुख केन्द्रीय मंत्री सिंधिया का ड्रीम प्रोजेक्ट स्वर्ण रेखा नदी पर एलिवेटेड रोड का भूमिपूजन रहेगा। इसके लिए उर्जा मंत्री तोमर ने क्षेत्र की जनता को पीले चावल बांटे हैं और उनको कार्यक्रम में आने का न्यौता दिया है।

1128 करोड़ के इन कार्यक्रमों का होना है शिलान्यास व लोकार्पण

15 सितंबर को अंचल में 1128 करोड़ की लागत से बनी या बनने वाली 222 किलोमीटर लंबी 7 सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकर्पण किया जाएगा जो इस प्रकार हैं।

इनका होगा लोकार्पण

- मेघोनाबाड़ा (कोलरस शिवपुरी) से अमरोद (मुंगावली अशोक नगर) तक सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण होगा।
- ग्वालियर शहर में आगरा लूप से शताब्दीपुरम मार्ग पर आरओबी का निर्माण कार्य का लोकार्पण

इनका होगा शिलान्यास

- ग्वालियर शहर के स्वर्ण रेखा नदी पर आईआईआईटीएम से महारानी लक्ष्मीबाई

समाधि तक फोर लेन एलिवेटेड रोड के सड़क निर्माण के पहले फेस का कार्यक्रम का शिलान्यास।
- कुरवाई-मुंगावली-चंदेरी खंड पर 2-लेन पेव्ड शोल्डर का निर्माण कार्य का शिलान्यास।
- मिहोना बायपास, लहार बायपास, दबोह बायपास, एवं भांडेर बायपास पर 2-लेन पेव्ड शोल्डर का निर्माण कार्य का शिलान्यास।
- चौनौर-करहिया एवं करहिया-भितरवार के बीच सड़क निर्माण का शिलान्यास।
- डबरा-पिछोर रोड से कटारे बाबा की समाधि-बड़ेरा के बीच सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास।

केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी 15 को आयेंगे

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी 15 सितम्बर को ग्वालियर संभाग के प्रवास पर आयेंगे। श्री गड़करी इस दिन दोपहर लगभग 2ः20 बजे विमान द्वारा दतिया विमानतल पहुँचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री श्री गड़करी दतिया में माँ पीताम्बरा पीठ के दर्शन करने के बाद विमान द्वारा लगभग 3ः35 बजे यहाँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचेंगे। विमानतल से श्री गड़करी सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर लगभग 4 बजे गोले का मंदिर मुरैना लिंक रोड़ पर ट्रिपल आईटीएम के सामने स्थित केन्द्रीय दिव्यांगजन खेल परिसर पहुँचेंगे। श्री गड़करी यहाँ पर एलीवेटेड रोड़, आईएसबीटी एवं अन्य विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री गड़करी इस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद सायंकाल लगभग 5ः45 बजे ग्वालियर विमानतल पर पहुँचकर विशेष विमान द्वारा नागपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

श्रीमंत सिंधिया 15 को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 15 सितम्बर को ग्वालियर प्रवास पर आयेंगे। श्री सिंधिया इस दिन विमान द्वारा अपरान्ह 3ः10 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया अपरान्ह 4 बजे गोले का मंदिर मुरैना लिंक रोड़ पर ट्रिपल आईटीएम के सामने स्थित केन्द्रीय दिव्यांगजन खेल परिसर पहुँचेंगे। श्री सिंधिया यहाँ पर एलीवेटेड रोड़, आईएसबीटी एवं अन्य विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद श्री सिंधिया सायंकाल 5ः45 बजे विमानतल पहुँचकर राजकीय विमान द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे और भोपाल से रात्रिकाल 8.45 बजे वायु मार्ग से नईदिल्ली के लिये रवाना होंगे।

निगमायुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें दिये आवश्यक दिशा निर्देश

ग्वालियर। आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई के तहत आज नगर निगम ग्वालियर में निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान आयुक्त मुकुल गुप्ता, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा, उपायुक्त सुश्री मिनी अग्रवाल, उपायुक्त श्री प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान वार्ड 20 गोवर्धन कॉलोनी के श्री विनय सिंह तोमर ने अतिक्रमण हटाये जाने के संबंध में, वार्ड 12 लाईन नम्बर 14 के श्री भीकम चन्द्र जैन ने पडोसी द्वारा घरों की सीवर लाइन को बंद कर दिया है

उसको खुलवाये जाने के संबंध में, वार्ड 62 गौशाला के सामने लाल टिपारा के समस्त मौहल्लावासियों ने रास्ते पर भैंसे गाये व बीच रास्ते में गाडी खडी करने के संबंध में, वार्ड 23 श्रीनगर कॉलोनी नदी पार टाल मुरार श्री 2यामदास जी महाराज ने अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने के संबंध में, वार्ड 34 सरकारी स्कूल वाली गली कमल सिंह का बाग के श्री विनोद भार्गव ने अवैध डेयरी के संबंध में, वार्ड 4 घाटमपुर नौमहला घासमंडी के श्री गंगाराम शाक्य ने अवैध निर्माण कार्य को हटाये जाने के संबंध में, वार्ड 25 सीपी कॉलोनी आदित्य नगर के श्री जितेन्द्र शर्मा ने सडक से अवैध कब्जा हटवाये जाने के संबंध में, वार्ड 7 जहांगीर कटरा के श्री जितेन्द्र सिंह पटेल ने अवैध भवन निर्माण को अतिशीघ्र तोडने के संबंध में, वार्ड 3 फोर्ट व्यू कॉलोनी कोटेश्वर रोड के समस्त प्रार्थीगणों ने अवैध अतिक्रमण के संबंध में अपना आवेदन निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल को दिया। जिस पर उन्होंने कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित किया तथा कुछ समस्याओं के निराकरण के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई के में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई आदि से संबंधित 3 दर्जन अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये।

आंगनवाड़ी केंद्र और स्कूलों में बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली

स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास और शिक्षा विभाग ने मनाया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

भितरवार। भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास और शिक्षा विभाग ने मंगलवार को कृमि मुक्ति दिवस मनाया। जिसके तहत कृमि नाशक के लिए इन विभागों के कर्मचारियों ने आंगनवाड़ी केंद्र और स्कूलों में बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई। बीएमओ डॉ रामबाबू गौड़ के निर्देशन में तैनात किए स्वास्थ्य कर्मियों की टीम विकासखंड के सभी शासकीय / अशासकीय अनुदान प्राप्त शाला, केन्द्र शासित विद्यालय,स्कूल,मदरसा,तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पहुँचीं। जहां इन स्वास्थ्य कर्मियों ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षकों के सहयोग से 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि नाशन के लिए एल्बेंडाजोल की चबाने वाली गोली का उम्रानुसार सेवन कराया।

मुनिश्री सानिध्य में भव्य शोभायात्रा निकलेगी आज निकलेगी

भव्य शोभायात्रा में 15 बग्गिया, झाकिया, घोड़े, डांडिया, रथ, बैंड, ढोल बाजे आदि सम्मिलित होंगे

ग्वालियर। सकल दिगंबर जैन समाज के दशलक्षण महापर्व के उपलक्ष्य में श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज के मंगल सानिध्य में साधनामय पावन वर्षायोग समिति, पुलक मंच परिवार एवं मुख्य संयोजक मनोज जैन कॉलेज के तत्वाधान में 14 सितंबर को प्रातः 07 बजे से सामूहिक क्षमावाणी पर देव, शास्त्र व गुरु की विशाल रथयात्रा निकाली जायेगी। वही माधवगंज स्थित चतुर्मास स्थल आशियाना भवन में शोभायात्रा पहुचने पर 10 बजे से कलशाभिषेक के साथ व्रतधारियों का सम्मान समारोह एवं सकल जैन समाज की सामूहिक क्षमावाणी बनाई जायेगी।

चतुर्मास के मुख्य संयोजक मनोज जैन एवं प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि 14 सितंबर बुधवार को प्रातः 07 बजे माधवगंज स्थित चितेरा ओली दिगंबर जैन मंदिर से देव, शास्त्र गुरु के साथ भगवान जिनेन्द्र रथ में सवार होकर गाजेबाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकलेगी। शोभायात्रा यात्रा में ड्रोन से पुष्पवर्षा, दो बैंड, 15 बग्घियां, 10 धर्मों की विशेष झांकिया, विभिन्न महिलाओं के संगठन के द्वारा डांडिया नृत्य, ढोलतासे, डीजे, घोड़े, तथा मुनिश्री विनय सागर महाराज ससंघ के साथ जैन समाज महिलाये केशरियो साड़ियों में पुरुषवर्ग व्हाइट परिधानों में सम्मिलित होंगे। यह शोभायात्रा माधवगंज से शुरू होकर स्काउट गोरखी, महाराज बाड़ा, सराफा बाजार, गस्त का ताजिया, राममंदिर, पाटकर चौराहे, दौलतगंज, महाराज बाड़ा से माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल आशियाना भवन पहुचने पर भगवान जिनेंद्र का कलशाभिषेक, मुनिश्री के प्रवचन, व्रतधारियों का प्रशस्तिपत्र से सम्मान के साथ सकल जैन समाज की सामूहिक क्षमावाणी बनाई जाएंगी।

दान, धर्म, पुण्य और तपस्या से इंसान अमीर बनता हैः मुनिश्री

श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहाकि इंसान केवल मेहनत से नहीं कमाता दान, धर्म, पुण्य और तपस्या से अमीर बनता है। मन की इच्छा पर संयम लाना ही तपस्या का मुख्य उद्देश्य है। जो लोग भी अपने आप को स्वस्थ और सुंदर बनाना चाहते हैं वे, तपस्या का आचरण करें। बच्चों को आप करोड़ों अरबों की संपदा भी सौंप दें। यदि उनके पुण्य में नहीं है तो वह अरबों करोड़ों की सम्पदा भी नष्ट होंने में देर नहीं लगती।

संक्षिप्त समाचार

नगर निगम कमिश्नर ने दिखाई सहृदयता

ग्वालियर। दरअसल जनसुनवाई खत्म होने के बाद जैसे ही नगर निगम कमिश्नर श्री किशोर कन्याल ने बाहर खड़े उम्र दराज बाबा को देखकर खुद उनके पास चल कर गये और उनकी समस्या सुनकर तुरंत संबंधित अधिकारी को उसके निराकरण कर उसकी रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए ,जिसके बाद निगम कमिश्नर को आशीर्वाद देते हुए बुजुर्ग वंहा से चले गए।

'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' कार्यक्रम 15 सितम्बर को

ग्वालियर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत ÷मेरी पॉलिसी मेरे हाथ÷ कार्यक्रम का प्रदेश स्तरीय शुभारंभ 15 सितम्बर 2022 को किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामवार शिविर का आयोजन कर किसानों को फसल पॉलिसियों का वितरण बीमित कृषकों को किया जायेगा। संयुक्त संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय आयोजन कृषि महाविद्यालय ग्वालियर के सभाकक्ष में किया जायेगा। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा किसानों को बीमा पॉलिसी का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं हेतु विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सिंधिया 15 सितम्बर को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे

ग्वालियर। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 15 सितम्बर को ग्वालियर प्रवास पर आयेंगे। श्री सिंधिया इस दिन विमान द्वारा अपरान्ह 3ः10 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया अपरान्ह 4 बजे गोले का मंदिर मुरैना लिंक रोड़ पर ट्रिपल आईटीएम के सामने स्थित केन्द्रीय दिव्यांगजन खेल परिसर पहुँचेंगे। श्री सिंधिया यहाँ पर एलीवेटेड रोड़, आईएसबीटी एवं अन्य विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद श्री सिंधिया सायंकाल 5ः45 बजे विमानतल पहुँचकर राजकीय विमान द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे और भोपाल से रात्रिकाल 8.45 बजे वायु मार्ग से नईदिल्ली के लिये रवाना होंगे।

इन्द्राज दुरुस्ती के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें

ग्राम पंचायत गोहिंदा चक बस्ती के रहवासियों ने जमीन शुद्धीकरण की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भितरवार। एसडीएम न्यायालय में लंबित पड़े इन्द्राज दुरुस्ती को लेकर गोहिंदा पंचायत के लोग एसडीएम कार्यालय पहुँचे। जहाँ उन्होंने एसडीएम से ज्ञापन देकर जमीन शुद्धिकरण के प्रकरणों का निराकरण करने की मांग की। मंगलवार को ग्राम पंचायत गोहिंदा चक बस्ती के दो दर्जन से अधिक किसानों ने भाजपा नेता दयाकृष्ण दुबे के नेतृत्व में एसडीएम अश्वनी कुमार रावत को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने बताया कि हमारे यहां के लोगों के जमीन शुद्धीकरण (इन्द्राज दुरुस्तीकरण) के प्रकरण काफी दिनों से लंबित पड़े हैं। फायल पर पटवारी की रिपोर्ट न लगी होने की स्थिति में इन प्रकरणों का निराकरण नहीं हो पा रहा है। इन किसानों ने सौंपे गए ज्ञापन में पटवारी पर सुविधा शुल्क मांगे जाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि न्यायालय में विचाराधीन जमीन शुद्धिकरण के प्रकरण पर पटवारी का प्रतिवेदन संलग्न किया जाना हैं। पटवारी ने अभी तक अपनी रिपोर्ट नहीं लगाई है। उसके द्वारा जानबूझकर आर्थिक लाभ प्राप्त करने हेतु ऐसा किया जा रहा है। किसानों ने एसडीएम से पटवारी के खिलाफ कार्रवाही की मांग करते हुए लंबित इन्द्राज दुरुस्ती के प्रकरणों के निराकरण की मांग की है। जिस पर एसडीएम ने जांच उपरांत आवश्यक कार्रवाही करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर सरपंच सोनू दुबे,रामनिवास,मुलायम सिंह आदि उपस्थित थे।

बापू के जन्मदिवस पर संकीर्तन यात्रा 18 को

ग्वालियर। संत आशारामजी बापू के साक्षात्कार दिवस 18 सितंबर रविवार के उपलक्ष में विशाल संकीर्तन यात्रा दोपहर 3ः00 बजे जाएगी जिसमे विशेष रूप से सुप्रसिद्ध वक्ता पूज्य गुरुदेव के कृपा पात्र संत रामा भाई शामिल होकर अपने सुमधुर भजनों से ऋषि गालव की पावन नगरी को धन्य करेंगे। साक्षात्कार दिवस निमित्त विशाल संकीर्तन यात्रा महाराज बाड़े से प्रारंभ होकर सराफा बाजार राम मंदिर शिन्दे की छावनी जयेंद्र गंज मार्ग ओल्ड हाई कोर्ट से दौलत गंज होते हुए वापिस बाड़े पर समाप्त होगी।

बीजेपी 17 को पीएम मोदी के बर्थडे से 2 अक्टूबर तक मनाएगी सेवा पखवाड़ा : चतुर्वेदी

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी का मूलमंत्र है सेवा कार्य, सेवा कार्य के माध्यम से हमको 17 सितंबर नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से 2 अक्टूबर तक जनता के बीच में हमको जाना है। आयोजित कार्यक्रमों में पार्टी के मंडल इकाई, मोर्चों की ईकाईयां, प्रकोष्ठों की भागीदारी सुनिश्चित हो एवं कार्यक्रम प्रभावी हो। उक्त उद्गार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला सहप्रभारी अरूण चतुर्वेदी ने जिला कार्यालय मुखर्जी भवन में आयोजित श्रेणीबद्ध कार्यकर्ताओं की बैठक में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478